नई दिल्ली

रविवार, 27 अप्रैल 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 12

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम

अधि. 41

न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## मीडिया चैनलों पर रक्षा अभियानों के सीधा प्रसारण नहीं करने की सलाह

### चेताया कि ऐसी रिपोर्टिंग अनजाने में शत्रुतापूर्ण संस्थाओं की कर सकती है मदद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का लाइव कवरेज न दिखाने की सलाह जारी की है। सलाह में राष्ट्रीय सुरक्षा के सर्वोपरि महत्व पर जोर दिया गया है और मौजूदा कानूनों और दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने का आग्रह किया गया है।

मंत्रालय ने विशेष रूप से रेखांकित किया है कि रक्षा अभियानों से संबंधित 'स्रोत-आधारित' जानकारी का कोई लाइव कवरेज, दृश्य या प्रसार नहीं होना चाहिए। इसने चेतावनी दी कि ऐसी रिपोर्टिंग अनजाने में शत्रुतापूर्ण संस्थाओं की सहायता कर सकती है और परिचालन प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा से समझौता कर सकती है। ⏩ शेष पेज 5 पर

## पहलगाम हमले के बाद दुनिया भर में अलग थलग पड़ा पाक, भारत के साथ 'सारी दुनिया'

## भारत ने कड़े तेवर दिखाए तो पाकिस्तान की हैकड़ी निकली

# पाक पीएम बोले- हम 'हर जांच' को तैयार, और आतंकी संगठन टीआरएफ ने कहा- हमारा हमले में कोई हाथ नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान देते हुए कह दिया है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक तो पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। इस हमले में पाक का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सेना को लेकर भी कहा है कि पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि हम शांति चाहते हैं। भारत ने पानी रोकने का काम किया है, इसका जवाब जरूर दिया जाएगा।

सिंधु हमारी लाइफलाइन है, यहां कोई समझौता बर्दाश्त नहीं है। अब पाकिस्तान को सामने से आकर इतना सब-कुछ इसलिए बोलना पड़ रहा है कि सारे सबूत उसके खिलाफ जा रहे हैं। ऐसी खबर है कि भारतीय इंटेलिजेंस को पाकिस्तान के खिलाफ कई सबूत मिले हैं, पहलगाम हमले में उनकी भूमिका को लेकर जानकारी मिली है। उधर, पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद अब द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। टीआरएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में हमारी संलिप्तता नहीं है। टीआरएफ ने इसे झूठा, जल्दबाजी और सुनियोजित प्रयास बताया है।



**भारत का रुख साफ- पहलगाम हमले का माकूल जवाब दिया जाएगा, पीएम पहले ही दे चुके हैं साफ संकेत**

### हमले की जिम्मेदारी साइबर हमले से दी गई, हमारा कोई ताल्लुक नहीं

टीआरएफ प्रवक्ता अहमद खालिद ने एक आधिकारिक बयान जारी कर लिखा कि हमले के तुरंत बाद संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक छोटा सा संदेश पोस्ट किया गया। जांच से पता चला कि यह एक साइबर हमले से हुआ था। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कहा कि हम इस सच्चाई को साझा करेंगे ताकि दुनिया के सामने सच्चाई सामने आ सके। सच्चाई छिपी नहीं है।



### अनंतनाग में 175 संदिग्ध गिरफ्तार

पहलगाम हमले के बाद हंदवाड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत से जुड़े मामलों में छापेमारी करते हुए जांच तेज कर दी है। जबकि, वहीं अनंतनाग में 175 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए। केंद्र सरकार ने 2023 में तहरीक-ए-हुर्रियत को प्रतिबंधित किया था।

बीते शुक्रवार रात केंद्रशासित प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा कर लौटे थे जनरल द्विवेदी

## सेनाप्रमुख ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात, जम्मू-कश्मीर के हालात की दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बीच जम्मू-कश्मीर की यात्रा कर लौटे सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें केंद्रशासित प्रदेश में जमीनी स्तर पर बने हुए मौजूदा सुरक्षा हालात और सेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने सेनाप्रमुख को सीमा पर उच्च-स्तर की सतर्कता के साथ निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। जनरल द्विवेदी ने बीते शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर का एक दिवसीय दौरा किया था। जिसमें सेना के वरिष्ठ स्थानीय कमांडरों ने उन्हें श्रीनगर से लेकर अन्य स्थानों पर ब्रीफिंग दी थी। जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और डीजीपी से भी अपनी यात्रा में मुलाकात की थी। ⏩ शेष पेज 5 पर

### हमले के दोषियों को मिलेगा करारा जवाब

*गौरतलब है कि आतंकी हमले के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारत और पाकिस्तान के बीच बने हुए तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व में अपने एक भाषण में कहा था कि हमले के गुनहगारों को चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हुए हों। भारत की तरफ से माकूल जवाब देकर कड़ा सबक सिखाया जाएगा।* ⏩ शेष पेज 5 पर

## राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना और वो अपना कर्तव्य निभाएगा: भागवत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा ⏩ शेष पेज 5 पर





## पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने कहा- सिंधु हमारी, हमारे पानी में आपका खून बहेगा

## मंत्री हरदीप पुरी ने कहा- एक बूंद भी पानी नहीं मिलेगा, अपना खून बहाकर लगाओ छलांग

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पहलगाम में जो हुआ है वो कोई दुर्घटना नहीं बल्कि पाकिस्तान न सिर्फ एक दुष्ट देश है, बल्कि अब पतनशील अवस्था में पहुंच चुका है। सिंधु जल संधि के निलंबन पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के कथित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हरदीप पुरी ने तंज कसा कि मैंने उनका बयान सुना उनसे कहो कि कहीं पानी में कूद जाएं। जब पानी ही नहीं मिलेगा तो कहां छलांग मारेगा। ऐसे गैर-जिम्मेदार बयानों को कोई महत्व नहीं दिया जाना चाहिए, उन्हें समय आने पर समझ में आ जाएगा। पुरी ने कहा सिंधु जल संधि 1960 की है जब हमारे रिश्ते पाकिस्तान से कुछ अलग तरह के थे। वहीं पुरी ने लंदन स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में पाकिस्तानी सेना और वायुसेना के सलाहकार कर्नल तैमूर राहत की कथित गला काटने की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को सीधा राज्य प्रायोजित आतंकवाद करार दिया।



### कर्नल तैमूर राहत ने गला काटने की दी धमकी

लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर जब भारतीय समुदाय के लोग पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान, पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल तैमूर राहत ने शर्मनाक हरकत करते हुए प्रदर्शनकारियों की ओर देखकर इशारों में गला काटने की धमकी दी। कर्नल राहत के हाथ में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का एक पोस्टर भी था। इसके साथ ही एक बैनर पर लिखा गया था, पाकिस्तान विथ खालिस्तान, जो खुलेआम पाकिस्तान की भारत-विरोधी मंशा को दर्शा ⏩ शेष पेज 5 पर



बयान जारी कर कहा, हमले के दोषियों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए

## यूएनएससी ने कड़े शब्दों में की पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों से समर्थन मिल रहा है। अब इस सूची में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का नाम भी शामिल हो गया है। परिषद ने बीते शुक्रवार देर रात एक बयान जारी कर न केवल 22 अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बल्कि हमले के अपराधियों, आयोजकों, प्रायोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कठघरे में खड़ा करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यूएनएससी ने सभी देशों से इस मामले में अपने-अपने स्तर पर सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक देश को वैश्विक कानूनों, यूएनएससी के प्रस्तावों के तहत काम करते हुए सभी संबंधित ⏩ शेष पेज 5 पर

### पूरी स्थिति की निगरानी करती यूएनजीए

उधर, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बनी हुई स्थिति पर वह लगातार निगरानी बनाए हुए है। मामला हमारे लिए भी गहरी चिंता से जुड़ा हुआ है। लेकिन महासभा स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले की निंदा करती है। साथ ही हम भारत और पाकिस्तान की सरकारों को हालात को और अधिक न बिगड़ने देने के लिए संयम बरतने की सलाह देते हैं।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर की इसकी घोषणा

## जून से अगस्त तक आयोजित की जाएगी कैलाश मानसरोवर यात्रा




फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पांच साल के लंबे इंतजार के बाद भारत ने शनिवार को 'कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025' की शुरुआत करने की औपचारिक रूप से घोषणा कर दी है। जून से अगस्त महीने तक यात्रा आयोजित की जाएगी। जिसमें 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री होंगे) उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री होंगे) सिक्किम में नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। उत्तराखंड के रास्ते से यात्रा 22 दिन और सिक्किम के रास्ते तकरीबन 21 दिन में पूरी होगी। वहीं, भारत का यह ⏩ शेष पेज 5 पर

### मंत्रालय ने जारी किया परामर्श

मंत्रालय ने यात्रा के लिए बनाई गई वेबसाइट में परामर्श भी जारी किया है। जिसमें प्रतिकूल हालात, अत्यंत खराब मौसम में उबड़-खाबड़ रास्ते से 19 हजार 500 फीट तक की चढ़ाई करने का जिक्र करते हुए कहा है कि ये उन लोगों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। जो शारीरिक और चिकित्सा की दृष्टि से तंदुरुस्त नहीं हैं। सरकार किसी भी प्राकृतिक आपदा के कारण अथवा किसी अन्य कारण से यात्री की मृत्यु होने, उसके जख्मी होने, संपत्ति खोने या क्षतिग्रस्त होने के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगी। यात्रा के दौरान सीमा पार किसी यात्री की मृत्यु होने पर उसकी पार्थिव देह को भारत वापस लाने के लिए भारत सरकार की बाध्यता नहीं होगी। इसलिए मृत्यु के मामले में चीन में दाह संस्कार के लिए सभी तीर्थयात्रियों को एक सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने पड़ेंगे।









घुमा-फिराकर जवाब दे रहा आतंकी

## पुलिस बोली- पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा मास्टरमाइंड राणा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई पुलिस के मुताबिक 2008 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 23 अप्रैल को दिल्ली में एनआईए दफ्तर में आरोपी राणा से करीब 8 घंटे पूछताछ की जिसमें उसने घुमा-फिराकर जवाब दिए थे। दिल्ली में एनआईए भी राणा से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 26/11 हमले के लिए 3 साल से ज्यादा समय तक क्या तैयारी की और क्या योजना बनाई थी। राणा से उन लोगों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनके नाम हमले के दौरान आतंकियों और उनके हैंडलर्स के बीच इंटरसेप्ट की गई बातचीत में सामने आए थे। इनमें अब्दुर रहमान ⏩ शेष पेज 5 पर



### छह नाबालिगों ने भजनपुरा में 28 वर्षीय व्यक्ति को उतारा मौत के घाट

# अपराध जगत में पहचान बनाने के लिये निर्दोष की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सुभाष मोहल्ला इलाके में शुक्रवार देर रात एक 28 वर्षीय व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि हत्या के इस मामले में छह नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि शाकिर नामक एक व्यक्ति घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन पता चला कि घायल को पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि चिकित्सकों ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत भजनपुरा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हमलावरों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए कई टीमें गठित की गई।

डीसीपी हरेश्वेर वी स्वामी के अनुसार हत्या में शामिल छह नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया गया है। उनसे अपराध में प्रयुक्त हथियार यानि एक चाकू भी बरामद हो गया है। आरोपियों ने अपराध जगत में अपनी पहचान बनाने के इरादे से एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या की थी। मृतक शाकिर (28) पुत्र शहजाद सुभाष मोहल्ला, घोंडा का रहने वाला था। वह दोना व पेपर प्लेट बनाने के व्यवसाय में था। उत्तर पूर्वी जिले के विभिन्न मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को स्कैन किया गया। इसके बाद टीम ने हत्या में संलिप्त 13 से 15 वर्ष की आयु के छह नाबालिगों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए किशोरों ने खुलासा किया कि वे अपराध जगत में अपनी पहचान बनाने के उद्देश्य से किसी कमजोर लक्ष्य की तलाश में गली में घूम रहे थे।

# हत्याकांड में 10 महीनों से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



शाहबाद डेयरी हत्याकांड में शामिल 10 महीने से फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। 10 हमलावरों ने मिलकर बेरहमी से चाकू मारकर सनी नामक युवक की हत्या को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपी का नाम क्षेत्रपाल उर्फ सागर निवासी शाहबाद डेयरी (19) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार 30 जून को रात लगभग 10:15 बजे सनी (28) निवासी शाहबाद डेयरी को उसके परिजनों द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, रोहिणी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जांच में पता चला कि मृतक को प्राइवेट पार्ट्स सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू से कई वार किए गए थे। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें यह खुलासा हुआ कि अजय उर्फ मोदी की मृतक सनी से पुरानी रंजिश थी। अजय और उसके साथियों ने मिलकर सनी को बेरहमी से पीटा और चाकू से वार कर उसकी हत्या की थी। हाल ही में नॉर्दर्न रेंज 2, क्राइम ब्रांच, सेक्टर-18, रोहिणी के एसआई सुनील कुमार को आरोपी क्षेत्रपाल उर्फ सागर के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूचना के आधार पर यह पता चला कि आरोपी सुनहरी चौक, शाहबाद डेयरी में अपने एक मित्र से मिलने आने वाला है। टीम ने जाल बिछाया और क्षेत्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि साथी अजय उर्फ मोदी की मृतक सनी से पुरानी दुश्मनी थी। घटना के दिन वह अजय और अन्य साथियों गुड्डू, डड्डू, चेतन, दीपक उर्फ दीपु, रोशन, प्रकाश आदि के साथ था। रास्ते में इनकी सनी से बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान पहले अजय ने सनी को थप्पड़ मारा और फिर सभी आरोपियों ने मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद अजय ने चाकू निकालकर सनी पर वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। सभी आरोपी मौके से भाग निकले थे।

# निगम ने किया 'स्वच्छ दिल्ली के लिए वॉकथॉन' कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ स्वच्छता पहल में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन ने स्वच्छता जागरूकता के लिए 'स्वच्छ दिल्ली के लिए वॉकथॉन' कार्यक्रम का आयोजन किया। निगम प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वच्छता पहल में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

क्षेत्रीय निगम उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस वॉकथॉन में 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए प्रतिभागी सी ब्लॉक हौज खास से वॉक शुरू करते हुए ग्रीन पार्क, श्री अरबिंदो मार्ग तक पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान में दो मिनट के मौन के साथ हुई और बाद में स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जहां नागरिकों, अधिकारियों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने की शपथ ली। उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कहा कि इस तरह की पहल से लोगों को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 'प्लॉग रन' और 'स्वच्छ स्क्वाड वाहन' मोबाइल इकाई का शुभारंभ रहे।

# एग्जाम में चीटिंग करवाने वाले रैकेट का पर्दाफाश, चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण जिले के सी.आर. पार्क पुलिस ने नौकरी परीक्षा घोटाले में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार जीएसएम ब्लूटूथ डिवाइस, चार मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक कार, एक ओएमआर शीट, दो एडमिट कार्ड और एक अटेंडेंस सीट बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों सचिन, नितिन, बलजिंदर और श्याम सुंदर बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार हाल ही में अधीक्षक और कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। 20 अप्रैल को परीक्षा के दिन सीआर पार्क थाने के एसआई भूषण यादव और हेड कांस्टेबल लोकेश को क्षेत्र में परीक्षा के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया था। इसी बीच जीके-2 में एक स्कूल में परीक्षा केंद्र पर गलत व्यक्ति के परीक्षा में बैठने का पता चला। जांच के दौरान पता चला कि नितिन नाम के एक उम्मीदवार की जगह सचिन परीक्षा में बैठने के लिए पहुंचा था। आगे की जांच के दौरान सचिन ने विभिन्न परीक्षाओं में उम्मीदवारों की नकल करवाने की बात कबूल की। घटना के दिन वह नितिन की जगह अधीक्षक पद की परीक्षा दे रहा था। सचिन को सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों ने परीक्षा केंद्र से बाहर निकलने को कहा ताकि पास में मौजूद नितिन को पकड़ा जा सके। जैसे ही सचिन बाहर निकला 2-3 लड़के उसके पास आए और परीक्षा के बारे में पूछने लगे। उनमें से एक की पहचान नितिन के रूप में हुई। इसके बाद सचिन और नितिन दोनों को पकड़ लिया गया। उन दोनों से लगातार पूछताछ की गई। उन्होंने साजिश में अपने साथियों श्याम सुंदर और बलजिंदर की संलिप्तता का खुलासा किया। बाद में सह आरोपी श्याम सुंदर और बलजिंदर को भी डब्ल्यू-ब्लॉक पार्क, ग्रेटर कैलाश से गिरफ्तार किया गया। आरोपी बलजिंदर ने खुलासा किया कि एक अन्य व्यक्ति सचिन डांगी, जो कि गांव मदीना, जिला रोहतक, हरियाणा का निवासी है ने उसकी ओर से मयूर विहार के एक स्कूल में उक्त परीक्षा दी थी। बलजिंदर ने आगे बताया कि श्याम सुंदर ने नितिन के साथ परीक्षा में उसका चयन सुनिश्चित करने के लिए 15 लाख में सौदा किया था। इसके बाद श्याम सुंदर ने सौदे को बलजिंदर को बताया, जिसने बदले में सचिन के साथ 12 लाख में नितिन के लिए परीक्षा में बैठने की व्यवस्था की। गिरफ्तार सचिन वी.पी.ओ. मदीना, जिला रोहतक, नितिन गांव सिलाना, जिला झज्जर, बलजिंदर निवासी वीपीओ धारसूल कलां, जिला फतेहाबाद, हरियाणा और श्याम सुंदर पुत्र धर्मपाल निवासी गांव नंगला, जिला फतेहाबाद, हरियाणा का रहने वाला है।

## फुटपाथ पर अतिक्रमण बना परेशानी का सबब



■ बैंचों पर भी सज रही दुकानें

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) मुख्यालय से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर ही राहगीरों के लिए बनाए गए फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण हो गया है जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। इसके साथ ही राहगीरों, पर्यटकों की सुविधा के लिए फुटपाथ पर लगाए गए स्टील के बैंचों पर अवैध दुकानों का अतिक्रमण हो चुका है। इसके अलावा आसानी से लोगों को पता ही नहीं चल पाता है कि कूड़ा कचरा डालने के लिए डस्टबिन कहां हैं, क्योंकि डस्टबिन भी अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इस संबंध में एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि एनडीएमसी नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखती है और फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा।

# 27 मामलों में शामिल बदमाश मुठभेड़ में पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की एएटीएस ने साकेत इलाके में शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद एक कुख्यात वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद आमिर 27 मामलों में शामिल पाया गया है। भागने की कोशिश करते हुए इसने पुलिस टीम पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई के बाद पुलिस ने गोली से घायल कर बदमाश को पकड़ा लिया। इसके पास से एक चोरी की कार, एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ है।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार एएटीएस की टीम को विशेष रूप से अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने का काम सौंपा गया था। 24/25 अप्रैल की मध्य रात्रि पुष्प विहार, साकेत पिकेट पर वाहनों की चेकिंग करते समय रात करीब डेढ़ बजे एक कार संदिग्ध परिस्थितियों में आती हुई दिखाई दी। पुलिस पिकेट को देखकर चालक ने कार पहले रोक दिया, लेकिन कुछ मिनटों के बाद वह पिकेट की ओर आया। पुलिस कर्मचारियों ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह आगे बढ़ गया और बैरिकेड्स को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान कार बैरिकेड्स में फंस गई। स्थिति का पेशेवर ढंग से आकलन करते हुए सतर्क कर्मचारियों ने तेजी से कार्रवाई की और इसी बीच वाहन में सवार दो लोगों ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग कर दी। सतर्क कर्मचारी इस हमले से बाल-बाल बच गए। टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी व्यक्ति के बाएं पैर में गोली लग गई। हालांकि, दूसरा आरोपी व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर किसी तरह भागने में सफल रहा। बाद में पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद आमिर उर्फ आमिर के रूप में हुई। उसे इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आमिर के फरार साथी की तलाश जारी है।

# पीसीआर कर्मी पर हमले का आरोपी कोलकाता से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



करनाल बाइपास पर पीसीआर स्टाफ पर हमला करने वाले आरोपी कार चालक को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम करमवीर बताया गया है। वह दिल्ली से भागकर कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार हो गया था।

पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को सुबह 06:28 बजे, भलस्वा लैंडफिल साइट के नजदीक जीटीके बाईपास के पास पीसीआरकर्मी पर हमले के संबंध में भलस्वा डेयरी थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पूछताछ के दौरान, शिकायतकर्ता हेड कांस्टेबल प्रवीण ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उन्होंने एएसआई नवीन के साथ मिलकर एक संदिग्ध सफेद आई20 कार को रोका था। वाहन से बाहर निकलने के लिए कहने पर कार चालक ने भागने का प्रयास किया। वाहन को रोकने के प्रयास में, प्रवीण कार के सामने खड़ा हो गया था। चालक ने वाहन को तेज गति से चलाते हुये उस पर चढ़ा दिया। इससे पुलिसकर्मी कार के बोनट पर गिर गया। कार आजादपुर की ओर बढ़ गई, जबकि प्रवीण बोनट पर ही लटका रहा। आजादपुर मंडी की लाल बत्ती के पास गाड़ी धीमी होने पर वह कूदने में सफल हुआ था। पुलिसकर्मी का फोन भी बोनट और विंडशील्ड के बीच फंस गया था। इसके बाद प्रवीण ने एक राहगीर से फोन मांगकर पीसीआर को सूचित किया। प्रवीण के हाथ की उंगलियों और बाएं टखने में चोटें आई थी। उनका बीजेआरएम अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। आरोपी की पहचान करमवीर के रूप में हुई, जो दिल्ली से भागकर कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार हो गया था। हेड कांस्टेबल भीम और प्रतीक को कोलकाता भेजा गया। टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद कोलकाता में आरोपी को पकड़ लिया।

# दिल्ली साहित्य महोत्सव दो मई से होगा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली साहित्य महोत्सव (डीएलएफ) का 13वां संस्करण दो मई से बीकानेर हाउस में शुरू होगा जिसमें नेता, प्रसिद्ध लेखक और सांस्कृतिक हस्तियां शामिल होंगी। डीएलएफ ने एक बयान में कहा कि तीन दिवसीय महोत्सव का विषय 'दिल्ली राइट्सः वॉयस, विजन्स एंड वर्सेज' है। यह महोत्सव चार मई तक आयोजित होगा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र एस शेखावत महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चन्द्रा तथा यूनेस्को भारत के निदेशक एवं प्रतिनिधि टिम कर्टिस उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। इस महोत्सव में प्रख्यात नेता और बुद्धिजीवी जनसांख्यिकी, संवाद और विकास जैसे सत्र में शामिल होंगे जिनका नेतृत्व सांसद बांसुरी स्वराज करेंगी तथा एक विशेष वार्तालाप 'समय के साथ प्रवाहः यमुना का उपचार' में दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भाग लेंगे। राजनीतिक टिप्पणीकार और लेखक आनंद रंगनाथन 'अनसक्रिप्टेड, अनपॉलोजेटिक, अनफिल्टर्ड' शीर्षक वाली एक परिचर्चा में करेंगे। इस महोत्सव में कई भारतीय लेखक भाग लेंगे, जिनमें पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी (स्वैलोइंग द सन), राजदूत अभय के (नालंदा 'हाउ इट चेंज्ड द वर्ल्ड), डॉ. ऐश्वर्या पंडित (इंडियन रेनेसांः द मोदी डिकेड), साथ ही रविशंकर एटेथ, अरुण आनंद, पवन के वर्मा, तस्लीमा नसरीन और मुकुल कुमार शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमतुल निशा** कैयर/ऑफ **तुफैल अहमद उर्फ मोहम्मद अफलातून कुरैशी निवासी डी1, फलेट नं. 17, मन्नत मंजिल, 4था तल, शाहिन बाग, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 279/2021 U/s 498A/406/34 IPC, थाना शाहिन बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमतुल निशा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **अमतुल निशा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 279/2021 U/s 498A/406/34 IPC, थाना शाहिन बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमतुल निशा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नेहा सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 307
साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली

DP/5310/SE/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू, पुत्रः विष्णु बहादुर, निवासीः मकान नं. 307, पहली मंजिल डबल स्टोरी बिल्डिंग, कबूल नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 195/2023, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाति शर्मा
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कक्ष संख्या 59,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/5065/SHD/2025

### हमारा धरना शांतिपूर्ण जनहित में, सुरक्षा की मांग

# आवारा कुत्तों के मामले में कुछ लोग कर सकते हैं दंगा : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आवारा कुत्तों को लेकर आज रविवार को जंतर-मंतर पर होने वाले धरने पर पहले की तरह कुछ लोग दंगा कर सकते हैं। इसे लेकर पूर्व कंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में पहुंचकर यह कहा और मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की धरना रैली में उनको सुरक्षा प्रदान की जाए। आवारा कुत्तों की समस्या के खिलाफ जनहित में उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। गोयल ने बताया कि देश और दिल्ली में आवारा कुत्तों की बढ़ती हुई समस्या को लेकर रविवार, 27 अप्रैल 2025 को जंतर-मंतर पर होने वाली आरडब्ल्यूए के साथ धरना-रैली के खिलाफ दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में एक एफआईआर 25 अप्रैल को सायं 6 बजे करवायी गई है। एफआईआर के अनुसार गोयल की यह रैली गैर-कानूनी, असंवैधानिक और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ है, इसलिए इसे पुलिस को रद कर देना चाहिए। गोयल ने कहा कि यह एफआईआर तथाकथित पशु-प्रेमियों द्वारा करवायी गई है और गोयल को खतरा है कि रविवार को धरना-रैली के अंदर ये लोग दंगा-फसाद करेंगे और व्यवधान डाल सकते हैं।

गोयल ने कहा कि इससे पहले भी जब उन्होंने कांस्टिट्यूशन क्लब और पार्कों के अंदर आवारा कुत्तों की समस्या पर जगह-जगह रैली की थी, तब भी इन लोगों ने वहाँ पर आकर विरोध प्रदर्शन किया था। गोयल का कहना है कि हम किसी भी पशु- कुत्ते के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि हम आवारा कुत्तों के बेलगाम होने और काटने के खिलाफ हैं, और यह समस्या पूरी दिल्ली में महामारी की तरह फैल गई है, जिसके कारण दिल्ली में हर रोज 2000 कुत्तों द्वारा काटने के मामले आ रहे हैं और सबसे ज्यादा रेबीज से मरने वालों की संख्या हिंदुस्तान में हैं। गोयल ने मांग की है कि कुत्तों की 100 प्रतिशत नसबंदी की जानी चाहिए और कुत्तों द्वारा काटे जाने पर सरकार लोगों को मुआवजा दे। गोयल ने बताया कि पूरी दिल्ली से उनके पास आरडब्ल्यूए के फोन आ रहे है कि हमारे यहां कुत्तों की बड़ी समस्या है। गोयल ने कहा कि जो कुत्ते काट रहे हैं, कम से कम उनको तो बाड़े में बंद करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली में युद्धस्तर पर कार्य करेगी ट्रिपल इंजन की सरकार : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री कार्यालय में दिल्ली नगर निगम के नव निर्वाचित महापौर राजा इकबाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि महापौर राजा इकबाल सिंह दिल्ली नगर निगम में दिल्लीवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की सशक्त आवाज़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की ट्रिपल इंजन सरकार - केंद्र, निगम और दिल्ली सरकार- एकजुट होकर विकसित दिल्ली के सपने को हकीकत में बदलने के संकल्प के साथ युद्धस्तर पर कार्य करेगी।

### दिल्ली में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने में करें मदद : सूद

नई दिल्ली। दिल्ली में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने में जनता दिल्ली सरकार की मदद करें और तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को भी सूचित करें। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशिष सूद ने दिल्लीवासियों से यह अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएं निलंबित करने के निर्णय के संबंध में, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीज़ा (दीघर्कालिक वीज़ा - और राजनयिक एवं आधिकारिक वीज़ा को छोड़कर) तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। इस संदर्भ में, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए 26 अप्रैल से 29 अप्रैल 2025 के बीच भारत से बाहर निकलने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है और आगे किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को नया वीज़ा जारी नहीं किया जाएगा।

### पहलगाम में आतंकवाद के विरुद्ध जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। कश्मीर के पहलगाम में धर्म के नाम पर जघन्य हत्याओं की निंदा करते हुए विश्व हिन्दू परिषद् एवं आर्यसमाज के बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों, आर्यवीरों ने आंतकवाद को समूल नष्ट करने के लिए जंतर-मंतर पर महारोष प्रदर्शन किया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के महामंत्री आर्य सतीश चड्ढा, राजार्य सभा के अध्यक्ष रविदेव गुप्ता, बौद्ध समाज, संत समाज, जैन समाज तथा आर्यवीर दल के मंत्री बृहस्पति आर्य सहित अनेकों हिंदू संगठन शामिल हुए। यहां इनके प्रतिनिधियों ने पहलगाम में मृतक आत्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए, कड़े स्वर में इस जघन्य अपराध की निंदा की। इस दौरान भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि आंतकवादियों तथा आंतकवाद को पोषित करने वालों को सख्त से सख्त सजा दी जाये। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने कहा कि आंतकवाद के विरुद्ध कड़े कदम उठाएं जाएं।

## सीएम ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समीक्षा बैठक

# 500 नए पालना केंद्र स्थापित करेगी दिल्ली सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार 500 नए पालना केंद्र स्थापित करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इसके लिए औद्योगिक क्षेत्र, मंडी, कंस्ट्रक्शन साइट्स आदि जगहों पर विशेष तौर पर लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 'विकसित दिल्ली' का सपना तभी साकार होगा जब हमारी महिलाएं और बच्चे सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली में कुल 187 पालना केंद्र संचालित हैं, जहां बच्चों की देखभाल और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। बता दें कि राजधानी में बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को पालन केंद्रों को लेकर यह निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ हुई इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य दिल्ली में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उन्हें और प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार करना रहा।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर महिला को सम्मान और हर बच्चे को एक सुरक्षित, स्वस्थ और उज्जवल भविष्य मिले। महिला सशक्तिकरण और बाल विकास ही एक सशक्त समाज की नींव हैं, और दिल्ली सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी अधिकारियों को आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से विजिट करने के आदेश दिए, ताकि जमीनी स्तर पर सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया जा सके और आवश्यक सुधार कार्य किए जा सकें। इसके साथ ही, आंगनवाड़ी केंद्रों के समग्र पुनर्विकास के निर्देश भी जारी किए गए हैं, जिससे इन केंद्रों को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ, और बच्चों के अनुकूल बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि हर आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के लिए एक पोषणयुक्त, सुरक्षित और शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करे। उन्होंने बताया कि सरकार ने कुछ नई आंगनवाड़ी इकाइयां स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग को नए स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कामकाज और दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने में उनकी भूमिका की भी समीक्षा की। उन्होंने विभाग को मौजूदा वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और राजधानी भर में महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए 11 अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर अर्थात प्रत्येक जिले में एक वन स्टॉप सेंटर की स्थापना करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## प्रदूषण के नाम पर भाजपा ने फिर ठगा जनता को : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से दिल्ली की जनता को प्रदूषण के नाम पर ठगा है। पार्टी मुख्यालय में शनिवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव से पहले भाजपा द्वारा दिल्ली में प्रदूषण खत्म करने को लेकर किए गए बड़े-बड़े वादे झूठ निकले है। दिल्ली की जनता को बेवकूफ बनाने के लिए भाजपा ने जंगल वाले इलाकों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हरित इलाकों में सामान्यतः प्रदूषण का स्तर रिहायशी इलाकों से आधा ही रहता है। लेकिन भाजपा ने जानबूझकर हरित इलाके चुने ताकि प्रदूषण का स्तर घटा हुआ दिखाकर जनता को बेवकूफ बनाया जा सके। भाजपा का यह झूठ दिल्ली की जनता के खिलाफ एक आपराधिक षड्यंत्र है। भारद्वाज ने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा है कि वे बताएं कि जंगलों में एयर क्वालिटी कंट्रोल स्टेशन लगाने का निर्णय किस अधिकारी ने लिया? सीएम रेखा गुप्ता बताएं क्या इन जगहों को चुनने में सीपीसीबी की गाइडलाइंस का अनुपालन किया गया? सीएम रेखा गुप्ता बताएं कि दिल्ली की जनता के खिलाफ इस षड्यंत्र में क्या दिल्ली सरकार भी शामिल है? जनता को बेवकूफ ही बनाना है तो सरकार के सातों मंत्री अपने ड्राइंग रूम में ही एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगा लें।

### आप ने भाजपा पर लगाए निराधार व झूठे आरोप : सचदेवा

**नई दिल्ली**। स्पष्ट दस्तावेजों के बावजूद, आज 25 अप्रैल 2025 को आप नेताओं ने निराधार आरोप लगाए कि मॉनिटर केवल हरे क्षेत्रों में लगाए गए ताकि हवा को साफ दिखाया जा सके। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप नेताओं की प्रेसवार्ता को लेकर यह प्रतिक्रिया जारी की। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए ठोस और सच्चे कार्य को देखकर आप पार्टी बौखला गई है और इसी कारण आप नेता निराधार आरोप लगा रहे हैं। उनकी पूरी साजिश तथ्यों के सामने धराशायी हो गई। सचदेवा ने कहा कि यह जनता को गुमराह करने की बेतुकी कोशिश आप की हताशा को दिखाती है क्योंकि जमीनी स्तर पर हो रहे असली काम ने उनके खोखले प्रचार की पोल खोल दी है।

## तिलक नगरः कचरे के ढेर और गंदगी देख पर्यावरण मंत्री ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिलक नगर में कचरे के ढेर और पब्लिक टॉयलेट्स में गंदगी देख पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भड़के और सड़कों और पार्कों में अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री सिरसा ने तिलक नगर में सार्वजनिक और 'सुलभ शौचालयों' की गंदगी के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही अवैध अतिक्रमण, कचरा निस्तारण और स्वच्छता की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। मंत्री ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण हो गया है, वहां अवैध रूप से दुकानें और ढाबे बनाए गए हैं। पार्कों में भी अवैध रूप से वाहन पार्क किए जा रहे हैं। कबाड़ हो चुके वाहन सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से पार्क किये गए हैं। इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह की समयसीमा के भीतर गंदगी हटाने, सार्वजनिक शौचालयों (विशेष रूप से सुलभ शौचालयों) की स्थिति सुधारने और कचरे की सफाई के निर्देश दिए ताकि प्रदूषण और गंदगी पर अंकुश लगाया जा सके।

## पानी का छिड़काव...



**नई दिल्ली**। इंडिया गेट पर गर्मी से राहत के लिए पानी का किया गया छिड़काव। फोटो : एजेंसी

### दिल्ली में तापमान 43 डिग्री पार

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को गर्मी के इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 43 डिग्री का पार कर गया। जबकि दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। लेकिन ठीक इसके उलट न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह से ही सूरज अपने पूरे तेवरों के साथ आसमान से आग उगल रहा था। लेकिन शाम के समय अचानक मौसम में बदलाव आया और राजधानी में कई जगह तेज हवाएं और कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। लेकिन बाद में मौसम सामान्य हो गया और गर्मी ने लोगों को परेशान किया।

### दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के दो सदस्य ने छोड़ा बादल का दल

**नई दिल्ली**। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के दो सदस्य बीबी रंजीत कौर और सरदार सुखविंदर सिंह बब्बर ने अकाली दल बादल को छोड़कर जोर का झटका देते हुए शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल हो गए। इस झटके को दिल्ली में बादल गुट के लिए बड़ा नुकसान बताया जा रहा है। बादल गुट छोड़ने वाली कमेटी की सदस्य बीबी रंजीत कौर और सरदार सुखविंदर सिंह बब्बर को गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महामंत्री सरदार जगदीप सिंह काहलों की अगुवाई में शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल किया गया। इस मौके पर सरदार कालका और काहलों ने संयुक्त रूप से कहा कि दिल्ली की संगत पहले ही देख चुकी है कि कमेटी की मौजूदा टीम ही सही मायनों में संगत की सेवा कर रही है। इस टीम ने न केवल गुरुद्वारा बंगला साहिब में एक बेहतरीन हेल्थ सेंटर चलाया जिसमें मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। बल्कि बाला साहिब अस्पताल सहित अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके अलावा गुरु घरों की सेवा भी अच्छी तरह से निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संगत द्वारा दिए गए समर्थन के मुताबिक मौजूदा टीम दिल्ली की संगत की सेवा करते हुए लोगों को गुरसिखी अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रही है। सिख रीति-रिवाजों के अनुसार गुरु साहिबान और गुरबाणी के अनुसार बड़े-बड़े त्योहार भी धूमधाम से मनाए जा रहे हैं।

## विकसित भारत को लेकर सफाई अभियान तेजः चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने तीसरे चरण की गहन सफाई मुहिम के अंतर्गत 25 अप्रैल की रात सरोजिनी नगर बाजार में विशेष सफाई अभियान चलाया। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शनिवार को उक्त अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत /2047" के विज़न को लेकर एनडीएमसी का सफाई अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले यह अभियान खान मार्केट और जनपथ मार्केट में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। चहल ने बताया कि अब इन बाजारों में यह नियमित रात्रिकालीन गीली सफाई व्यवस्था के रूप में जारी रहेगी। एनडीएमसी का लक्ष्य है कि आने वाले तीन महीनों में इसे सभी प्रमुख बाजारों और आवासीय परिसरों तक विस्तारित किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न मार्केट संगठन पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली में अब ट्रिपल इंजन की सरकार, विकास के लिए नहीं चलेगा कोई बहाना : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में भाजपा के महापौर व उपमहापौर पद जीतने के बाद दिल्ली में भाजपा तीनों निकायों पर काबिज हो गई है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि राजधानी में अब पूरी तरह से भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार कार्य कर रही है इसलिए विकास नहीं होने की स्थिति में कोई बहाना नहीं चलेगा। यादव ने कहा कि भाजपा अच्छे से समझ ले की अब बिना किसी बहाना बनाए दिल्ली की जनता से किए गए एक एक वादों को पूरा करने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता सवाल पूछ रही है तीनों लैंडफिल को कब तक समाप्त किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों की पेंशन कब तक बहाल होंगी, अनाधिकृत कालोनियों पर हाउस टैक्स और कूड़ा उठाने के सरचार्ज पर लटकी तलवार से कब तक राहत मिलेगी इन सब को लेकर ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार अब समय सीमा तय करे। उन्होंने कहा कि निगम में भाजपा का मेयर बनने के बाद अब राजधानी में ट्रिपल इंजन की सरकार से जनता की उम्मीदे बहुत अधिक बढ़ गई है। दिल्ली को गंदगी, जलभराव, नालों की सफाई, कूडे के पहाड़ों की समस्याओं से राहत मिलने, बिजली, पानी सहित महंगाई और बेरोजगारी जैसी किल्लतों से राहत मिलेगी सह सवाल अहम है।

## जरूरतमंद लोगों के सपने को सच करने के लिए डीडीए दे रहा मौका

# डीडीए की सबका घर और श्रमिक आवास योजना के पंजीकरण में बचे तीन दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कौन नही चाहता कि भारत की राजधानी दिल्ली में उसका अपना घर हो अपनी छत हो। लेकिन इस सपने को पूरा करना भी आसान नहीं होता। लेकिन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) गरीब व जरूरतमंद लोगों के इस सपने को सच करने के लिए अंतिम मौका दे रहा है जिसके तहत 30 अप्रैल, 2025 तक पंजीकरण किया जा सकता है। डीडीए अपनी दो योजनाओं के तहत सफल उपभोक्ताओं को कुल कीमत में 25 प्रतिशत छूट भी दे रहा है। कम कीमत में अपने घर का सपना सच करने का आखिरी अवसर तीन दिन बाद समाप्त हो जाएगा। डीडीए इस वर्ग में दो योजनाएं दे रहा है जिसमें सबका घर आवास योजना तथा डीडीए श्रमिक आवास योजना शामिल है।

पहले यह दोनों योजनाएं 31 मार्च 2025 को बंद हो गई थी। लेकिन बाद में एलजी विनय कुमार सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद इन दोनों योजनाओं का विस्तार करते हुए समय सीमा 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई, जिसमें अब केवल तीन दिन शेष बचे है। यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर है। इन योजनाओं में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी व एचआईजी फ्लैट्स शामिल किए गए है जो नरेला, लोकनायक पुरम तथा सिरसपुर में उपलब्ध है। योजना में ऑटो रिक्शा ड्राइवर, कैब ड्राइवर, पीएम स्वनिधि स्कीम के तहत रजिस्टर्ड, स्ट्रीट वेंडर, महिलाएं, वार विडो, एक्स सर्विसमैन, दिव्यांग, एससी और एसटी वर्ग के लोग पंजीकरण कर सकते है। को पहले फ्लैट दिए जाएंगे। इन दोनों स्कीम्स के तहत फ्लैट्स की कीमत 8 लाख रुपए से शुरू हो रही है, जो 24 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। डीडीए श्रमिक आवास योजना 2025 में मुख्य रूप से भवन एवं निर्माण श्रमिकों के लिए है। इसके लिए जरूरी है कि श्रमिक 31 दिसंबर 2024 तक दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हों। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक भी इस श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत नरेला के सेक्टर जी-2 में स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। डीडीए के अनुसार 9 अप्रैल दोपहर 12 बजे से दोनों स्कीमों की बुकिंग शुरू की गई थी जो 30 अप्रैल 2025 आधी रात तक चलेगी। इस दौरान 31 मार्च तक जो फ्लैट्स नहीं बिके हैं, उन्हीं फ्लैट्स को लोग बुक करवा सकते हैं।



## दिल्ली के स्कूलों में चलेगा 'माँ यमुना स्वच्छता अभियान': प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर किया आग्रह

दिल्ली सरकार ने यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए एक बड़ी पहल करते हुए राजधानी के स्कूलों में 'माँ यमुना स्वच्छता अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया है। इस अभियान की पहल दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने की है। उन्होंने शिक्षा मंत्री आशीष सूद को पत्र लिखकर इस विशेष अभियान को दिल्ली के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में लागू करने का आग्रह किया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में यमुना नदी के महत्व के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें स्वच्छता आंदोलन से जोड़ना है। मंत्री ने कहा कि अगर यमुना को सच में पुनर्जीवित करना है तो यह एक जन आंदोलन बनाना होगा, जिसमें खासकर बच्चों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बच्चे न केवल जागरूकता का संदेश फैलाएंगे बल्कि भविष्य के लिए एक संवेदनशील समाज भी तैयार करेंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस अभियान के माध्यम से दिल्ली के लाखों बच्चे न केवल खुद जागरूक बनेंगे, बल्कि अपने परिवार और आस-पड़ोस में भी स्वच्छता और नदी संरक्षण का संदेश प्रसारित करेंगे। 'माँ यमुना स्वच्छता अभियान' दिल्ली में एक नई सोच और एक नया बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# पुलिस आयुक्त ने कहा-शांति भंग करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय सेक्टर-21 सी फरीदाबाद में सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जम्मू एवं कश्मीर के बैसरन घाटी पहलगांव में आतंकवादी हमले में 27 पर्यटकों की हत्या की गई थी। हमलावरों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया था, जिससे देशभर में आक्रोश का माहौल है। जिस पर जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त ने कार्यालय में सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



## कानून व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि जिला में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। जिन शैक्षणिक संस्थानों में जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, उन संस्थाओं की प्रबंधन कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि फल-सब्जी मंडियों में ट्रक चालकों, होटलों, ढाबों पर जम्मू-कश्मीर के यात्रियों को कोई परेशानी न हो। अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकता हो तो पुलिस बल नियुक्त किया जाए। सभी थाना, चौकी व मुख्यालय पर अधिक से अधिक पुलिस बल रखा जाए तथा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में अधिक से अधिक पुलिस कर्मचारियों को फील्ड में ड्यूटी पर तैनात किया जाए।

### पुष्टि के आधार पर ही छापी जाए खबर

ऐसे मामले से संबंधित खबरें पुष्टि के आधार पर ही छापी जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक, सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली पोस्ट ना डाली जाए, अगर कोई भ्रमित खबर पोस्ट करता है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। रेलवे व मेट्रो स्टेशन पर निगरानी रखी जाए तथा यह भी सुनिश्चित करें कि वहां सीसीटीवी ठीक प्रकार से काम कर रहे हैं। वहां तैनात अर्ध सैनिक बल से समन्वय रखा जाए। गैंगस्टरों व आपराधिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। दो पहिया वाहनों चेकिंग की जाए। गोष्ठी के दौरान अभिषेक जोरवाल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, मकसूद अहमद पुलिस उपायुक्त एनआईटी, उषा पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, राजकुमार वालिया पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़, सभी सहायक पुलिस आयुक्त व सभी प्रबंधक थाना उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मानवाधिकार मिशन की कार्यकारिणी गठित



**फरीदाबाद।** मानवाधिकार संरक्षण और जनहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय मानवाधिकार मिशन के ओल्ड फरीदाबाद स्थित कैंप कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। यह बैठक संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसका उद्देश्य संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाना है।

### बाल यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला आयोजित



**गाजियाबाद।** इंडिया पेस्टिसाइड्स लि. कंपनी और समाधान अभियान संस्था ने न्याय पीठ बाल कल्याण समिति, जिला सूचना विभाग और चिकित्सालय विभाग संयुक्त तत्वावधान में बाल मित्र केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं के लिए बाल यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। उद्देश्य था आशा कार्यकर्ताओं को पॉक्सो अधिनियम 2012, की प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराना था।

### 5 लाख निकालने वाले खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डुप्लिकेट सिम के जरिए ठगी के मामले में साइबर पुलिस ने आरोपी असलम को



गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 19 जून 2024 को अचानक उसकी सिम बंद हो गई और उसने 22 जून को नई सिम निकलवाई। जब वह बैंक में पैसे निकलवाने गया तो उसे बताया गया कि उसके खाता में पैसा नही है। बैंक मैनेजर ने बताया कि उसके खाता से 4,49,999 रुपए यूपीआई के माध्यम से अन्य खातों में भेजे गए है।

### देसी कट्टा सहित आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के



अंतर्गत कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी तरूण को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया के क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने आरोपी तरूण निवासी हावडा, पश्चिम बंगाल हाल जैतपुर को सेक्टर-48 फरीदाबाद से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

### पेट में कॉच की बोतल मारने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पेट में कंाच की बोतल मारने वाले आरोपी को डबुआ कालोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार



आनन्द यादव निवासी गाजीपुर कालोनी फरीदाबाद ने पुलिस थाना डबुआ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके बेटे भारत के पेट में आरोपी अनूप ने कॉच की बोतल को फोड कर मार दी। शिकायत पर थाना डबुआ में हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## गुरुग्राम में लोन रिकवरी एजेंट ने घर जाकर किया गाली-गलौच

# लोन नहीं चुकाने पर युवती को जबरन उठाकर ले जाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम में एक लोन रिकवरी एजेंट ने सारी हदें पार करते हुए एक महिला को वेश्यावृत्ति के जरिए लोन चुकाने की धमकी दी। उसने न केवल महिला को घर पर आकर धमकाया, बल्कि उनकी बातचीत का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह महिला के रिश्तेदारों और दोस्तों को भी परेशान करने लगा। अब महिला ने इस घटना की शिकायत भौंडसी थाने में दर्ज करवाई है।

आरोपी ने महिला के घर पर आकर गाली-गलौच की, वीडियो बनाई और रिश्तेदारों को परेशान किया। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### आर्थिक नुकसान के कारण ईएमआई चुकता नहीं कर पा रही थी

27 वर्षीय पीड़ित महिला सिग्नेचर ग्लोबल पार्क 2 और 3, सोहना गुरुग्राम में रहती हैं। उन्होंने विभिन्न बैंकों से कर्ज लिया था, जिसे मार्केट में निवेश किया था लेकिन वर्तमान में उसे आर्थिक नुकसान हो रहा था, और वह अपनी ईएमआई चुकता नहीं कर पा रही थी। 20 मार्च 2025 को एक व्यक्ति, जिसका नाम नागर था, उनके घर आया और उसने अपना नाम टाटा कैपिटल से जोड़ा। उसने महिला से लोन चुकाने के लिए कहा, जिस पर महिला ने अपनी स्थिति समझाई और कहा कि जैसे ही पैसे मिलेंगे, वह लोन चुकता कर देगी। इस पर उसने बिना अनुमति के उनकी बातचीत का वीडियो बना लिया। कुछ दिन बाद आरोपी फिर से महिला के घर आया, लेकिन इस बार उसके पास मोबाइल नहीं था और न ही कोई रिकॉर्डिंग चल रही थी। उसने धमकी दी, अगर तुम पैसे नहीं दोगी, तो हम तुम्हें सड़क से उठा लेंगे। महिला डर के मारे बहुत दुखी हो गई और इस पर उसने अपने वकील से संपर्क किया। वकील ने भी फोन पर आरोपी से बात की, लेकिन आरोपी ने धमकियां देना जारी रखा।




### कंपनी ने सफाई दी

पीड़ित महिला ने टाटा कैपिटल से इस बारे में संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि आरोपी का नाम नीरज त्यागी है और वह बैंक का कर्मचारी नहीं है। वह एक निजी लोन रिकवरी एजेंट है। कंपनी ने यह भी बताया कि इस एजेंट के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। 26 मार्च को महिला को फिर से आरोपी से एक संदेश मिला, जिसमें उसने महिला के सभी दोस्तों के नाम लिखे थे और धमकी दी थी कि वह उन्हें ट्रैक करेगा और उनके परिवार का पीछा करेगा।

# मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लाखों की ठगी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में एक व्यक्ति ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उसको ठगों एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। जहां स्टाक मार्केट में ट्रेडिंग कर लाभ कमाने बारे बताया जाता था।

### ट्रांजेक्शन के माध्यम से 54,50,000 भेजे

कुछ दिन शिकायतकर्ता ने ग्रुप में अन्य लोगों का मुनाफा देखा, जिस पर वह लालच में आ गया और उसने भी निवेश की करने बारे कहा। ठगों ने उसके पास एक एप का लिंक भेजा और उसका खाता खुलवाया। खाता खुलवाने के बाद निवेश के लिए ठगों द्वारा दिए गए खातों में उसने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 54,50,000 भेजे। ठग उसके निवेश खाता में लाभ के साथ कुल 2,87,38,114 रुपए दिख रहे थे।

### पैसे निकालने के ऐवज में 46 लाख मांगे

जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो उसके खाता को बंद कर दिया गया। जब उसने ठगों से संपर्क किया तो उन्होने पैसे निकालने के ऐवज में 46 लाख रुपए की मांग की, जिस पर शिकायतकर्ता ने पैसे देने से मना कर दिया इसके बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप से भी निकाल दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महेश झाझडिया नगंगानगर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि जिस खाते में ठगी के पैसे आए हैं उस खाते को खुलवाने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर दिया था।

## दो सोने के कंगन 30 हजार में खरीदे थे

# चोरी के कंगन खरीदने वाले सुपरवाइजर को अपराध शाखा की टीम ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

चोरी के कंगन खरीदने वाले सुपरवाईजर को अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने काबू किया है।

गौरतलब है कि पुलिस थाना आदर्श नगर में अनिल निवासी सेक्टर-62 बल्लभगढ़ ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 11 दिसम्बर 2024 को उसका परिवार शादी में गये हुए थे जब रात के समय लौटकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर से 1 सोने की अंगूठी, 4 सोने की चुड़िया, 6 जोड़ी कान के झुमके, 2 सोने के ओम, बच्चों के हाथ व पैरों के चांदी के कड़े, 3 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी चुटकी चांदी, 2 चांदी के लक्ष्मी-गणेश के सिक्के का चोरी होने पाए गए। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना आदर्श नगर में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महेश कुमार निवासी गांव पन्हेड़ा खुर्द फरीदाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एस्कार्ट कंपनी में सुपरवाईजर का काम करता है और उसने दो सोने के कंगन चोरों से खरीदे थे जिसके लिए 30 हजार रुपए देने कि बात हुई थी। घर में चोरी करने वाले 3 चोरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को अदालत में पेशकर जेल भेजा।

## मौन व मिथकीय भावनाओं की अद्भुत अभिव्यक्ति

# शब्बीर हुसैन संतोष की एकल प्रदर्शनी में उमड़े कला प्रेमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

संचित आर्ट द्वारा आयोजित प्रख्यात कलाकार शब्बीर हुसैन संतोष की कला प्रदर्शनी बियॉन्ड मिथ एंड मेटाफर का शुभारंभ त्रिवेणी कला संगम की श्रीधरणी गैलरी में हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रख्यात कलाप्रेमी डॉ. कर्ण सिंह एवं वरिष्ठ कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल ने किया। क्यूरेटर अर्चना खरे घोष के कलात्मक संकलन से सजी यह प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर कला प्रेमियों, समीक्षकों और कलाकारों की भारी उपस्थिति देखी गई।

दर्शकों ने संतोष की चित्रकला में स्मृति, मौन और मिथकीय भावनाओं की अद्भुत अभिव्यक्ति को महसूस किया। उनके चित्रों में प्रयुक्त गहरे लाल, सुनहरे और पीले रंगों की बुनावट ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर कर रख दिया। संतोष, जो नव-तंत्र के प्रतिष्ठित कलाकार जी.आर. संतोष के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली में मिथकों को फिर से परिभाषित किया, न केवल व्याख्या के रूप में, बल्कि भाव की अनुभूति के रूप में। उन्होंने कहा, मिथक हमारे भीतर बसे अनुभव हैं। वे उन्हें चित्रों के माध्यम से जीते हैं। यह प्रदर्शनी उनके लिए आत्मचिंतन की जगह है, और वे चाहते हैं कि दर्शक भी उस मौन संवाद से जुड़ें।

## ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान में एडीएम सिटी ने कहा-

# युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना ही एकमात्र लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के



विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनओसीएआरडी) की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से जनपद में सतर्कता और इंटेलिजेंस को बेहतर करना होगा एवं जनपद की अन्तरराज्यीय सीमा पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से सीमा प्रबन्धन अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। उन्होने निर्देशित किया कि बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### नशा छुड़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली

बैठक के दौरान नशा मुक्ति केंद्रों एवं केंद्रों में भर्ती नशा की चेपट में आए मरीजों के बारे में विस्तार से विचार किया गया। नशा मुक्ति केन्द्र में मरीजों की देखरेख और नशा छुड़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास की भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही पीड़ित एवं उन्हें भर्ती कराने वाले का पूर्ण विवरण नशा मुक्ति केन्द्र वालों के पास होना चाहिए। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा विभाग एवं नशा मुक्ति से सम्बंधित संस्थाओं को भी नॉर्को आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनओसीएआरडी) की बैठक में आमंत्रित करने हेतु विचार किया गया। जिससे कि युवाओं को नशे से बचाया जा सका। अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना एकमात्र लक्ष्य हो।बैठक में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, सूचना विभाग, वन विभाग, जिला कृषि विभाग, आरटीओ सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लिव इन में रह रही विधवा महिला की हत्या का आरोपी पेंटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना ट्रोनिका सिटी के इलायची पर में लिव इन रिलेशन में रह रही विधवा महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह महिला के साथ-साथ उसकी बेटी पर भी नजर रखता था जिसका महिला विरोध करती थी और पुलिस में शिकायत की धमकी दी थी जिस कारण उसने महिला की हत्या कर दी और फरार हो गया।

डीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने बताया कि सिग्नेचर सिटी चौकी अंतर्गत इलायचीपुर क्षेत्र में एक मकान में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर तत्काल थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि मकान में फैजुल उर्फ इमरान नामक व्यक्ति किराए पर रहता था। जिससे मिलने हेतु मृतका उम्र करीब 40 वर्ष उस मकान में आती-जाती देखी जाती रही। 24 अप्रैल भूपेंद्र अपने भाई व अन्य परिजनों के साथ अपनी मम्मी की तलाश हेतु इधर–उधर घूमकर अपनी मम्मी का फोटो दिखा रहे थे। इसी बीच लोगों ने मृतका का फोटो



देख बताया कि इस महिला का शव ग्राम इलायचीपुर ट्रोनिका सिटी किराएदार इमरान के कमरे में मिला है। मृतका के शव को देखकर मुकदमा भूपेंद्र ने अपनी मम्मी कृष्णा देवी के रूप में शिनाख्त की। इमरान द्वारा मृतका को गुमराह करके अपने कमरे पर बुलाकर षड्यंत्र के तहत उसकी हत्या कर शव को कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजे का ताला लगाकर फरार हो गया। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस व मैनुअल इनपुट के आधार पर उपरोक्त जघन्य घटना का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले इमरान को गिरफ्तार कर लिया।

# जुआ खेलने व खिलाने वाले 3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** जुआ खेलने व खिलाने वाले 3 आरोपियों हरीश, श्याम व विनोद को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अप्रैल को पुलिस थाना एनआईटी की टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान टीम को गुप्त सुत्रों से भगतसिंह कॉलोनी में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए आरोपी हरीश व श्याम को भगतसिंह कॉलोनी फरीदाबाद से जुआ खेलते हुए काबू किया है। आरोपियों से मौके पर 6850 रुपए बरामद हुए है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरप्रीत उर्फ अर्पित पुत्र स्व. नरेन्द्र कुमार पताः मकान नं. 1/7769, ईस्ट गोरख पार्क, शाहदरा, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 500/2016 धारा 392/411/482/34 भा.द.स. के तहत** थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरप्रीत उर्फ अर्पित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरप्रीत उर्फ अर्पित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 500/2016 धारा 392/411/482/34 भा.द.स. के तहत थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त हरप्रीत उर्फ अर्पित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/4340/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू पुत्र दीवारी लाल पताः मकान नं. एन–47, गली नं.–14, ब्रहमपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 238/2018 धारा 33/58 डी एक्स एक्ट के तहत** थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 238/2018 धारा 33/58 डी.एक्स. एक्ट के तहत थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/4334/NE/2025

## टूटेगी हनुमानगढ़ी की सदियों पुरानी परंपरा, होगी नई शुरुआत

# महंत प्रेमदास महाराज 30 को करेंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी की सदियों पुरानी परंपरा टूटेगी। एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए गद्दीनशीन महंत रामलला के दर्शन करेंगे। इस दौरान हनुमानगढ़ी की तरफ से प्रभु रामलला को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में सदियों पुरानी परंपरा को तोड़कर नई शुरुआत करते हुए हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज रामलला के दर्शन करेंगे। हनुमानगढ़ी के इतिहास में 52 बीघा के बाहर कोई भी गद्दीनशीन महंत नहीं जा सकता। लेकिन अब एक नई परंपरा के तहत महंत प्रेमदास 30 अप्रैल को सुबह 7 बजे हजारों की संख्या में संतों व गृहस्थ लोगों के साथ हनुमानगढ़ी से बाहर निकलकर रामलला के दर्शन करेंगे। कुछ समय तक उनके दरबार में ही समय व्यतीत करेंगे।

### सरयू नदी से लेकर रामलला के दरबार तक 40 जगहों पर पुष्पवर्षा



हनुमानगढ़ी के सागरिया पट्टी के पंच संजय दास ने बताया कि सबसे पहले गद्दीनशीन महंत हनुमानगढ़ी के वीआईपी मार्ग से निकलकर सरयू तट जाएंगे। सरयू में शाही स्नान करके वापस लौटेंगे। सरयू नदी से लेकर रामलला के दरबार तक 40 जगहों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। इस दौरान हेलीकॉप्टर से भी पुष्प वर्षा होगी। इस मौके पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट शामिल होंगे।

### महंत हनुमानगढ़ी के निशान व छड़ी के यात्रा करेंगे

शोभायात्रा में गद्दीनशीन महंत प्रेमदास हनुमानगढ़ी के निशान व छड़ी के यात्रा करेंगे। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी की चारों पट्टी सागरिया पट्टी, उज्जैनिया पट्टी, बसंतिया पट्टी और हरिद्वारी पट्टी के महंत और पंच भी शामिल होंगे। संजय दास ने बताया कि अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़ा हनुमानगढ़ी ने यह निर्णय किया है।

### तीन महीने से हनुमान जी महंत को कर रहे प्रेरित

हनुमानगढ़ी के इतिहास में पहली बार गद्दीनशीन महंत प्रेमदास एक नई परंपरा की शुरुआत कर हनुमानगढ़ी से बाहर निकल कर प्रभु रामलला के दर्शन करेंगे। संजय दास ने दावा किया कि हनुमान जी पिछले तीन महीने से गद्दीनशीन महंत को प्रेरित कर रहे थे कि वह जाकर प्रभु रामलला का दर्शन करें। दर्शन के दौरान हनुमानगढ़ी की तरफ से प्रभु रामलला को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### झारखंड पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल



**रांची।** भाषा से भूगोल तक की जानकारी रखने वाले 289 जवान और अधिकारी चाईबासा स्थानांतरित हो गए हैं। सभी सिपाही से पुलिस निरीक्षक स्तर तक के हैं। ये वही जवान-अधिकारी हैं, जिन्होंने चाईबासा जिला में स्थानांतरित किए जाने की इच्छा जताई थी। इनमें 247 जवान और अधिकारियों का गृह जिला चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम है।

### 71 %अंक के बावजूद 10वीं की छात्रा फंदे से झूली



**सुल्तानपुर।** यहां 10वीं में अपेक्षानुरूप अंक न मिलने से परेशान छात्रा अंजू यादव ने खुदकुशी कर ली। छात्रा का शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। घरवालों ने देखा तो उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएम योगी बोले-यूपी को माफिया, अराजकता व दंगों से मुक्त किया

# नया भारत है किसी को छेड़ता नहीं अगर छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शनिवार को चेतावनी दी कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी के प्रवाह नियंत्रित करने के कार्य (चैनलाइजेशन) का निरीक्षण और पलिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी के प्रवाह नियंत्रित करने के कार्य (चैनलाइजेशन) का निरीक्षण और पलिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### खास बातें

- यूपी के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की
- सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं

### आतंकवादी हमले की निंदा की



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में पहलगाम में भारत के पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने कहा, "सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) के तहत उसे उसी की ही भाषा में जवाब दिया जाएगा।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए योगी ने कहा, "यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं।"

### बाढ़ पीड़ितों को समस्या से मुक्ति दिलाने का भरोसा दिया

मुख्यमंत्री ने पलिया और निघासन क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिया कि उन्हें इस समस्या से मुक्ति दिलाई जाएगी। समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि उनके रहते हर समस्या का समाधान होगा। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने भी योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग की। समारोह में लखीमपुर खीरी जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल भी मौजूद थे।

## पहलगाम हमले पर सम्राट चौधरी की दो टूक

# .... अब बिहार में नहीं रहेगा कोई पाकिस्तानी

एजेंसी ▶▶ पटना

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वीजा रद्द होने के बाद बिहार में एक भी पाकिस्तानी नहीं रहेगा। हर जिला प्रशासन ने पाकिस्तान से आये लोगों को चिह्नित कर लिया है। विदेश मंत्रालय से भी सूची मिली है। शनिवार को उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की हत्या के बाद भारत सरकार ने आतंकवाद प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान के नागरिकों का वीजा रद्द करने का जो फैसला लिया है, वह बिहार में भी पूरी तरह लागू होगा। हर पाकिस्तानी नागरिक को वापस जाना पड़ेगा । पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ देने को कहा गया है और यह समय सीमा कल 27 अप्रैल को खत्म हो रही है।



### चिकित्सा वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक वैध रहेगा

गृह विभाग ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा निरस्त करने संबंधी भारत सरकार के आदेश का पालन करने का निर्देश राज्य के जिलों के पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक को दिया है। गृह मंत्रालय से प्राप्त आदेश के आलोक में सभी डीएस और एसपी को निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वर्तमान वैध वीजा, (चिकित्सा वीजा, दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी), राजनयिक एवं आधिकारिक वीजा को छोड़कर, 27 अप्रैल 2025 से तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं।

### हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा वैध रहेंगे

हालांकि पाक नागरिकों का वीजा रद्द करने का फैसला हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी किए गए दीर्घकालिक वीजा पर लागू नहीं होगा। ऐसे वीजा वैध रहेंगे। सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। इसके तहत भारत में मौजूद किसी पाकिस्तान नागरिक के पास देश छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं। यह समय शुक्रवार को समाप्त हो गया है।

## पेज एक का शेष

### सेनाप्रमुख ने की...

**एलओसी पर हुई छोटे हथियारों से गोलीबारी:** वहीं, जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर बीते 25-26 अप्रैल की मध्य रात्रि में पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की। जिसमें छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया। भारतीय सेना ने पाक सेना की गोलीबारी का उसी के अंदाज में करारा जवाब दिया। गोलीबारी में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भारत की सेना एलओसी पर दुश्मन की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है।

### हमले के दोषियों को...

उन्होंने तीनों सेनाप्रमुख (जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह और एडमिरल डी.के. त्रिपाठी) के साथ एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक कर सीमाओं से जुड़े हर इलाके की हाईअलर्ट के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया है।

### कर्नल तैमूर राहत ने...

रहा था। इतना ही नहीं, कर्नल राहत ने एक हाथ में चाय का प्याला पकड़े हुए और दूसरे हाथ से गला काटने का संकेत देते हुए प्रदर्शनकारियों का मजाक उड़ाया।

### चेताया कि ऐसी...

-परामर्श में मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्मों को चल रहे परिचालनों की सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने की उनकी कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी की याद दिलाई गई है। हितधारकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी रिपोर्टिंग में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बनाए रखें।

-राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफार्मों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी कार्यों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें।

-विशेष रूप से, रक्षा संचालनों या आंदोलनों से संबंधित कोई भी वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या स्रोत-आधारित जानकारी पर आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों की सहायता कर सकता है तथा परिचालन प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

-पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को उजागर किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11) और कंधार विमान अपहरण जैसी घटनाओं ने यह प्रदर्शित कर दिया कि अप्रतिबंधित कवरेज से राष्ट्रीय हितों पर अनपेक्षित प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं।

-मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों से परे, यह सुनिश्चित करना हमारी साझा नैतिक जिम्मेदारी है कि हमारी सामूहिक कार्रवाइयों से चल रहे अभियानों या हमारे बलों की सुरक्षा पर कोई समझौता न हो।

-सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहले सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करने के लिए सलाह जारी की है। नियम 6(1)(पी) में कहा गया है कि केबल सेवा में ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं चलाया जाना चाहिए जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज हो। मीडिया कवरेज को उपयुक्त सरकार द्वारा नामित अधिकारी द्वारा आवधिक ब्रीफिंग तक सीमित रखा जाएगा जब तक कि ऐसा ऑपरेशन समाप्त न हो जाए।

-आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण करना केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी टीवी चैनलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करने की सलाह दी जाती है। ऑपरेशन समाप्त होने तक मीडिया कवरेज, नामित सरकारी अधिकारी द्वारा आवधिक ब्रीफिंग तक सीमित हो सकती है।

-सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे अपने कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बनाए रखें तथा राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखें। यह परामर्श मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

### राजा का कर्तव्य प्रजा...

संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है। उन्होंने इस संघर्ष को 'धर्म' और 'अधर्म' के बीच संघर्ष बताया, उनके अनुसार यह संघर्ष केवल धार्मिक मतभेदों पर आधारित नहीं है, बल्कि अच्छाई और बुराई के बीच एक बड़ी नैतिक लड़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे आप कुछ भी कर लें, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो इसके बारे में क्या करें?

इससे पहले मोहन भागवत ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, जिसमें 26 लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, बंदूकधारियों द्वारा मारे गए थे। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे।

भागवत ने कहा कि अभी जो लड़ाई चल रही है, वह संप्रदाय और धर्म के बीच नहीं है। इसका आधार संप्रदाय और धर्म है, बल्कि यह लड़ाई 'धर्म' और 'अधर्म' के बीच है। हमारे सैनिकों या हमारे लोगों ने कभी किसी को उसका धर्म पूछकर नहीं मारा। जो कट्टरपंथी लोगों ने लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। इसलिए देश को मजबूत होना चाहिए। सभी दुखी हैं, हमारे दिलों में गुस्सा है जैसा कि होना चाहिए, क्योंकि राक्षसों का नाश करने के लिए अपार शक्ति की आवश्यकता होती है। लेकिन कुछ लोग इस बात को समझने को तैयार नहीं हैं, और उनमें अब किसी भी तरह का बदलाव नहीं हो सकता।

### यूएनएससी ने कड़े ...

अधिकारियों के साथ मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए। परिषद के वर्तमान में अध्यक्ष फ्रांस के राजदूत जेरोम बोनाफोंट की तरफ से यह बयान जारी किया गया। जिसमें भारत और नेपाल की सरकारों के प्रति गहन संवेदना प्रकट करते हुए हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई है। यूएनएससी में अमेरिका ने इस मामले पर बयान का प्रारूप प्रस्तुत किया था। जिस पर बाद में परिषद के सदस्यों ने चर्चा की। वहीं, इस आतंकी हमले के बाद यह पहला मौका है जब यूएन सुरक्षा परिषद ने इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई बयान जारी किया है। इससे पहले हालांकि परिषद के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत रूप से संचार के विभिन्न माध्यमों के जरिए हुई बातचीत में हमले को लेकर संवेदनाएं जताते हुए अपने देश की तरफ से समर्थन दिया था।

**हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिक:** यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। इनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल है। मारे गए लोगों में ज्यादातर भारत के विभिन्न राज्यों से पहलगाम गए पर्यटक थे। घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। जिनमें सिंधु जल समझौता स्थगित करने से लेकर पाक नागरिकों के वीजा रद्द करने, अटारी सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करने और निर्धारित समय सीमा में भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूद पाक नागरिकों को देश छोड़ने का फरमान सुनाया गया है। फिलहाल दोनों देशों के बीच जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

**वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा आतंकवाद :** यूएनएससी ने अपने बयान में कहा, आतंकवाद के सभी प्रकार अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। आतंकवाद से जुड़ा हुआ कोई भी कृत्य आपराधिक है और उसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसमें हमले को लेकर ली गई प्रेरणा भी शामिल है। परिषद ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर, वैश्विक कानूनों (मानवाधिकार कानून, शरणार्थी-मानवीय कानून भी शामिल है) के तहत सभी देशों से आतंकवाद से मुकाबले में सहयोग करने का आह्वान किया है।

**पाकिस्तान परिषद का अस्थायी सदस्य:** पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी का अस्थायी सदस्य है और उसका कार्यकाल दो वर्ष का है। इस साल जुलाई महीने में पाकिस्तान के पास परिषद की अध्यक्षता की मासिक जिम्मेदारी आएगी। हालांकि उससे पहले परिषद द्वारा इस प्रकार का बयान जारी करना पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर किसी भारी किरकिरी से कम नहीं है। यूएनएससी के 15 सदस्यों में से पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन और फ्रांस हैं। जिन्होंने भारत का खुलकर समर्थन किया है।

### जून से अगस्त तक ...

कदम दोनों देशों के बीच धीरे-धीरे सामान्य हो रहे संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करता है। इससे पहले 9 अप्रैल को नई दिल्ली में चीन के दूतावास, कांसुलेट ने इस वर्ष कुल करीब 85 हजार भारतीय नागरिकों को चीन का वीजा देने की घोषणा की थी। 2019 में 1 हजार 346 तीर्थयात्रियों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा की थी।

**Kmy.gov.in पर करना होगा आवेदन:** यात्रा के लिए आवेदन स्वीकार करने के लिए केएमवाई.जीओवी.इन (kmy.gov.in) नामक एक वेबसाइट शुरू की गई है। जिसमें एक निष्पक्ष कम्प्यूटर जनित, यादृच्छिक, लिंगानुपातिक चयन प्रक्रिया के माध्यम से यात्रियों का चयन करते हुए उन्हें विभिन्न मार्ग और बैच आबंटित किए जाएंगे। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से आवेदकों को पत्र या फैक्स भेजकर जानकारी प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 13 मई 2025 है। कैलाश मानसरोवर यात्रा विशेष रूप से हिंदू व जैन और बौद्ध धर्म के लोगों से जुड़ी हुई है। क्योंकि इसके जरिए वह भगवान शिव के निवास स्थान चीन के तिब्बत में मौजूद कैलाश पर्वत तक दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

**कोविड, एलएसी विवाद के चलते बंद थी यात्रा :** गौरतलब है कि वर्ष 2020 में वैश्विक कोरोना महामारी और उसके बाद पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत, चीन की सेनाओं के बीच हुए विवाद की वजह से यह यात्रा बंद थी। लेकिन पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को देपसांग और डेमचौक के एलएसी विवाद से जुड़े हुए दो अंतिम इलाकों में सेनाओं की वापसी के लिए बनी सहमति के साथ विवाद समाप्ति को लेकर हुए समझौते के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत का रास्ता खुल गया था। समझौते के 48 घंटे बाद रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक अहम मुलाकात भी हुई थी और उसमें विभिन्न द्विपक्षीय संवाद तंत्रों की बहाली पर सहमति बनी थी। फिर दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला शुरू हुआ। विदेश सचिव विक्रम मिस्री जनवरी-25 में बीजिंग गए और उनकी अपने चीन के समकक्ष सुन वीडोंग के साथ एक बैठक हुई। जिसमें भारत-चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत करने पर सहमति जताई गई।

**2015 से शुरू हुआ ऑनलाइन आवेदन:** विदेश मंत्रालय ने बताया कि 2015 से यात्रा से जुड़े आवेदनों की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। जिसमें यात्रियों का चयन एक पूर्ण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के तहत किया जाता है। वेबसाइट पर प्रतिक्रिया देने के लिए दिए गए विकल्प का प्रयोग कर जरूरी जानकारी प्राप्त करने, आवेदन की स्थिति जांचने और सुधारों के लिए सुझाव दिए जा सकते हैं। कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया होने की वजह से एक बार यात्रियों को आवंटित किए गए मार्ग और बैच में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। हालांकि जरूरी होने पर यात्री इसके लिए मंत्रालय से अनुरोध कर सकते हैं। खाली स्थान होने पर इस संबंध में अंतिम निर्णय विदेश मंत्रालय द्वारा लिया जाएगा।

**2019 में 1,346 यात्रियों ने की यात्रा:** विदेश मंत्रालय की 2019-2020 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में कुल करीब 1 हजार 346 तीर्थयात्रियों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा की थी। जिसमें उत्तराखंड के लिपुलेख के रास्ते से यात्रियों के कुल 18 बैच गए थे और उनमें कुल 1 हजार 5 यात्री शामिल थे। जबकि सिक्किम के नाथू ला दर्रे से 10 बैच में 341 तीर्थयात्री गए थे।

### पुलिस बोली...

हाशिम सईद, साजिद मजीद, इलियास कश्मीरी और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकी शामिल हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 28 अप्रैल तक 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिसक्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है।

## अखिलेश यादव ने सरकार से की मांग

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को मिले 5 करोड़ का मुआवजा

एजेंसी ▶▶ कुशीनगर

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को कुशीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए मृतकों को शहीद का दर्जा मिले। साथ ही सभी के परिजनों को 5 करोड़ का मुआवजा मिले। साथ ही मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी भी मिले।

अखिलेश ने कुशीनगर में पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती के परिजनों से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए पहलगाम हमले पर सरकार पर हमला बोला। कहा- शुभम ही नहीं बल्कि जो सभी शहीद हुए हैं, सरकार इतना ही ख्याल रखती है कि मैं क्या कह रहा हूं तो उन परिवारों को 5 करोड़ देना चाहिए। साथ ही परिवार के सदस्यों को सरकारी



नौकरी होनी चाहिए। जिस दिन ये पांच करोड़ और सरकारी नौकरी दे देंगे। उस दिन आप देखेंगे कि उनके घर के पास खड़े होकर के मैं दरवाजा खटखटा रहा हूंगा।

अग्निवीर योजना को लेकर भी अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि सरकार ने अग्निवीर जैसी व्यवस्था लाकर के हमारे नौजवानों का मनोबल गिराया है। युवा पक्की नौकरी चाहते हैं। कुशीनगर के कई युवा भागकर-दौड़कर सेना में जाना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि विपक्ष ने जो सरकार को सुझाव दिए गए हैं उन सभी पर सरकार अमल करेगी।

## 2 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी

# यूपी के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों का दौर शुरू है। शनिवार को प्रयागराज और सुल्तानपुर में पारा 44 डिग्री के पार चला गया। वहीं बाराबंकी, हरदोई, बलिया, बहराइच, अमेठी, गाजीपुर, उरई, शाहजहांपुर और अलीगढ़ शहर भी लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत हैं। तीन से चार दिनों के लिए उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से राहत मिलने वाली है। प्रदेश के तराई इलाकों समेत 23 जिलों में गरज चमक संग बूंदाबांदी तो 13 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है।

### इन जिलों में ओलावृष्टि की संभावना

सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर एवं आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है।

विशेष
अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस
29 अप्रैल

# पैरों की लय पर थिरकता
# स्वस्थ-आनंदमयी जीवन

वैसे तो अन्य कलाओं की तरह नृत्य भी कला का एक रूप है। लेकिन यह एक ऐसी कला है, जो ना केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है, मन को भी प्रसन्नता से भर देती है। कई ऐसे नर्तक-नृत्यांगनाएं हैं, जो वृद्धावस्था में भी पूरी ऊर्जा और उमंग के साथ थिरकते हैं, आंतरिक आनंद की लय के साथ जीवन जी रहे हैं। नृत्य के बहुआयामी लाभों के बारे में हमें जरूर जानना चाहिए।



कवर स्टोरी
रेणु खंतवाल

पिछले साल जब 90 वर्ष की आयु में जानी-मानी अभिनेत्री और भरतनाट्यम नृत्यांगना वैजयंती माला ने अयोध्या आकर नवनिर्मित राम मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रामलला के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी तो लोग इस उम्र में उनके नृत्य, समर्पण और श्रद्धा देख कर सुखद आश्चर्य से भर उठे। लोग हैरान थे कि इस आयु में जहां इंसान बिना सहारा लिए ठीक से चल नहीं सकता, वहीं वैजयंती माला प्रभु श्रीराम के समक्ष नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। चर्चा उनकी शारीरिक, मानसिक फिटनेस और नृत्य की शक्ति की भी खूब हुई। नृत्य की इस शक्ति को लाखों-करोड़ों लोगों ने अपनी आंखों से देखा।

## शरीर रहता है फिट-एनर्जेटिक

वैजयंती माला ही नहीं इस समय देश की कई प्रसिद्ध नृत्यांगनाएं ऐसी हैं, जो सात से ज्यादा दशक पार कर चुकी हैं लेकिन नियमित रूप से अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। इनमें उमा शर्मा और सोनल मान सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं। शोवना नारायण भी उम्र के 75वें पड़ाव पर हैं, लगातार नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। जब वे मंच पर नृत्य करती हैं तो ध्यान उनकी आयु की तरफ जाता ही नहीं। उनके नृत्य की लय, गति और परिक्रमा करने की फुर्ती में, युवाओं से कहीं कोई अंतर नहीं दिखता। इससे ही समझ सकते हैं कि नृत्य ने इन नृत्यांगनाओं को कितना फिट और एनर्जेटिक बना रखा है कि उम्र की थकान या धीमी पड़ती रफ्तार इनके आस-पास भी ठहर नहीं पाती। ये सभी लगभग रोज नृत्य करती हैं और अपने शिष्यों को भी सिखाती हैं।

एक बार अभिनेत्री-नृत्यांगना हेमा मालिनी ने भी मेरे साथ हुई बातचीत में बताया था, 'नृत्य मेरे जीवन का अभिन्न अंग है। मैं रोज नृत्य और योगाभ्यास करती हूं और यही मेरी फिटनेस का राज है। इससे मेरी बॉडी इतनी लचीली हो गई है कि आराम से आवश्यकतानुसार मोड़ सकती हूं। इसकी वजह से मैं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहती हूं और अपने सभी कार्य अच्छी तरह से कर पाती हूं।'

## होते हैं ये भी फायदे

वास्तव में नृत्य से इंसान को क्या-क्या फायदे होते हैं, इसकी लिस्ट बहुत लंबी है। नृत्य का संबंध जीवन के हर पहलू से जुड़ा होता है। समाज, देश, संस्कृति, जीवनशैली, रीति-रिवाज और पर्व-त्योहारों से भी नृत्य का कोई ना कोई रूप जुड़ा है। नृत्य से अनेक शारीरिक-मानसिक लाभ मिलते हैं। नृत्य से होने वाले शारीरिक फायदों के बारे में भरतनाट्यम नृत्यांगना सिंधु मिश्रा कहती हैं, 'नृत्य आनंद, मान प्रतिष्ठा के साथ-साथ शारीरिक बल और स्टेमिना बढ़ाता है। नृत्य से पूर्व के जो अभ्यास होते हैं, वे बॉडी को इस तरह टोन करते हैं कि शरीर बहुत मजबूत हो जाता है, खासतौर पर पैर, कंधे और बांहें।' सिंधु मिश्रा का यह कथन इस बात से प्रमाणित होता है कि आपको प्रायः सभी डांसर स्वस्थ ही मिलेंगे। आमतौर पर कभी किसी डांसर को यह कहते नहीं सुना जाता कि उसे फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत है। कमर या घुटने दर्द कर रहे हैं। इस तरह नृत्य करने से स्वास्थ्य संबंधी अनेक फायदे होते हैं। इसीलिए डांस को एक थेरेपी की तरह भी यूज किया जाता है। इस बारे में युवा कथक नृत्यांगना पंखुड़ी श्रीवास्तव बताती हैं, 'जब मैं कथक केंद्र में कथक का प्रशिक्षण ले रही थी, तब हमारे गुरु पंडित कृष्ण मोहन महाराज जी ने हमें कहा था कि सुबह चार बजे उठ कर तीन-चार घंटे नृत्य का अभ्यास करके दिन की शुरुआत किया करो। इससे तन-मन हमेशा स्वस्थ रहेंगे। तब से यह नियम मेरे जीवन में अनुशासन के साथ सम्मिलित है।'



## कैसे काम करती है डांस थेरेपी

आध्यात्मिक मनोचिकित्सक और रेकी ग्रैंडमास्टर दिलना राजेश कहती हैं, 'अकसर लोग मंच पर, शादी-ब्याह, पार्टी, समारोह में समूह में तो नाचते हैं। लेकिन मैं लोगों से पूछती हूं कि आप आखिरी बार अकेले में कब नाचे थे? जहां बस आप अकेले ही नाच रहे थे? एक खुली किताब की तरह अपनी भावनाओं में मस्त, मगन होकर उस आनंद को महसूस कर रहे थे, जो आपको एक अलग ही अनुभूति के संसार में ले जा रहा था? इसका जवाब अधिकांश लोग नकारात्मक ही देते हैं। उन्हें लगता है अकेले में कैसे नाच सकते हैं? दरअसल, इस बात को कम लोग ही जानते, महसूस करते हैं कि नृत्य हमें खुद से मिलाने का एक चमत्कारी रास्ता है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम अकसर अपनी भावनाओं को दबाते चले जाते हैं। घर-ऑफिस का तनाव हमें जकड़े रखता है। ऐसे में नृत्य, जिंदगी में वह खूबसूरत स्थान बनाता है, जहां हम सुरक्षित तरीके से आत्म-उपचार करते हैं। अपनी उस जकड़न से बाहर निकलते हैं। आधुनिक न्यूरोसाइंस कहता है- ट्रॉमा केवल दिमाग में नहीं, शरीर में भी रहता है। जबड़े की जकड़न से लेकर जांघों की स्टिफनेस आपके भीतर छिपे दर्द की गवाह है। लेकिन हम उसे समझ नहीं पाते। ऐसे में नृत्य उस बंद दरवाजे की चाबी की तरह धीरे-धीरे उसे खोलता है। जैसे-जैसे हमारा शरीर नृत्य शुरू करता है, हम एक लय और गति में थिरकने लगते हैं। हमारा शरीर एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है।

इससे नर्वस सिस्टम रिलैक्स होता है। शरीर शांति महसूस करता है। जो लोग भावनात्मक अवसाद और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं, उनके लिए भी नृत्य एक हीलिंग प्रक्रिया है। जब आप नृत्य के माध्यम से आनंद की अनुभूति करते हैं तो मन-मस्तिष्क में सकारात्मक बदलाव और आनंद महसूस करते हैं, यही डांस थेरेपी है। नृत्य केवल अच्छा महसूस नहीं करवाता बल्कि बायोलॉजिकल रूप से उपचार करता है।' दिलना राजेश आगे बताती हैं, 'मैं कई सालों से ऐसे लोगों से मिलती रही हूं, जो दुख, चिंता, अकेलापन और आत्म-अस्वीकृति से जूझ रहे थे। लेकिन नृत्य के माध्यम से उन्होंने अपनी खोई हुई शक्ति, सहजता, अपनी लय, जीवन की गति और खुद को वापस पाया।'

इस तरह देखें तो नृत्य तन-मन को स्वस्थ रखने वाली, उमंगित करने वाली, ऊर्जा से भरने वाली कला है। आइए हम भी अपने जीवन में नृत्य को सम्मिलित करें। *

### नृत्य से मिलती है सबसे ज्यादा खुशी
**रानी खानम, कथक नृत्यांगना**



**मुझे सबसे** ज्यादा खुशी नृत्य करने से ही मिलती है। नृत्य से ही सबसे पहले मैंने खुद को पाया। मेरा खुद को देखने का नजरिया बदला। नृत्य के माध्यम से मैं हर वो बात कहती हूं, जो कहना चाहती हूं। नृत्य मेरी अभिव्यक्ति का माध्यम है। नृत्य ने सामाजिक दृष्टि से मुझे बहुत सम्मान-प्यार दिया। मैं मुस्लिम परिवार से हूं तो देश की गंगा-जमुनी तहजीब को मैंने अपने जीवन में उतारा। नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं को जाना। भारतीय परंपरा से जुड़े ज्ञान को समझा। नृत्य के बिना शायद मैं जीवित नहीं रह पाऊंगी। खुद नृत्य करने के साथ ही मैं सामान्य और स्पेशल दोनों तरह के बच्चों को नृत्य सिखाती भी हूं। स्पेशल बच्चों को बचपन से ही अपने आस-पास ऐसा माहौल मिलता है कि वे सहज महसूस नहीं करते। अपनी इच्छाओं को खुलकर अभिव्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे में नृत्य उन्हें शक्ति-विश्वास देता है। नृत्य डिसेबल बच्चों को खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है। जब बच्चे नृत्य कर रहे होते हैं, वो उनका दिनभर का बेस्ट समय होता है। *


### नृत्य मेरी आत्मा है
**शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना**



**जब हम** जन्म लेते हैं तो हमारी सांस एक नियमित गति और रिद्म में चल रही होती है। बच्चे के हाथ-पैर हिल रहे होते हैं। यह मूवमेंट है। बच्चा कभी रो रहा है, कभी चुप है, यह भाव है। इस तरह हम जन्म से ही लय, ताल, गति, रिद्म और मूवमेंट यानी संगीत और नृत्य को साथ लेकर पैदा हुए हैं। मैं ढाई साल की थी तब से नृत्य कर रही हूं। नृत्य किया तो लगा कि जीवन में सब कुछ मिल गया। नृत्य मेरी आत्मा है, जिसके बिना मैं नहीं रह सकती।

मैं रोज नृत्य करती हूं। नृत्य हमें हर परिस्थिति को स्वीकार करना सिखाता है। जब आप नृत्य में एकाग्र होकर झूमते हैं, तब जीवन की सभी समस्याओं और चिंताओं से मुक्त होकर शांति महसूस करते हैं। पतंजलि ने अष्टांग योग की बात की- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन सभी को हम क्लासिकल नृत्य के माध्यम से करते हैं। नृत्य हमें फिजिकल, मेंटल और स्प्रीचुअल बैंलेंस और टीमवर्क सिखाता है। जब हम नृत्य से जुड़ते हैं तो अपनी संस्कृतिक और साहित्य से भी जुड़ते हैं। *

### नृत्य मेरे लिए संपूर्ण जीवन है
**कविता द्विवेदी, ओडिसी नृत्यांगना**



**नृत्य मेरे** लिए संपूर्ण जीवन है, क्योंकि इसमें जो लय, चलन और गति है, वह हमें एक पूर्ण मानव बनाता है। जीवन यात्रा, चाहे व्यक्तिगत हो या सामाजिक, में बैंलेस, संयम बनाना सिखाता है। नृत्य के माध्यम से मैंने अपनी क्षमता, खूबियों और कमियों को जाना। नृत्य हमें अनुसाशन, धैर्य, सकारात्मक सोच, दृष्टिकोण और समर्पण सिखाता है और यही गुण जब हमारी जीवनशैली में शामिल हो जाते हैं तो हम एक अच्छे नर्तक के साथ-साथ अच्छे इंसान भी बन जाते हैं।

एक सफल नृत्य प्रस्तुति से कई चीजें जुड़ी होती हैं। कई लोगों की मेहनत होती है। इस तरह जब आप नृत्य से जुड़ते हैं तो टीमवर्क और मैनेजमेंट स्किल भी आप सीखते हैं। कलाकार कला के लिए जीता है। कुछ साल पहले मेरे पास एक महिला अपनी बच्ची को लेकर आईं। उस बच्ची का ध्यान बहुत भटकता था, वह एक जगह टिकती नहीं थी। एक साल तक मैंने उसे नृत्य सिखाया और रिजल्ट बहुत अच्छा रहा। ऐसे बच्चे जो पूरी तरह से सामान्य नहीं हैं हम नृत्य के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा के बच्चों के बीच खड़ा कर सकते हैं। *

### नृत्य मेरी सांस है
**ज्योति डी तोमर, घूमर नृत्यांगना**



**मैंने पहले** कथक सीखा, उसके बाद घूमर नृत्य। नृत्य मेरी सांस है, उसी के माध्यम से मुझे जीवन मिला। मानसिक शांति, संतुष्टि और खुशी मिलती है। नृत्य हमसे केवल समर्पण चाहता है। मुझे इससे इतना गहरा लगाव है कि शादी से पहले मैंने पति से केवल यही शर्त रखी थी कि मैं नृत्य नहीं छोड़ूंगी। जब मैं नृत्य कर रही होती हूं तो सब भूल जाती हूं। ऐसा लगता है कि किसी और ही लोक में पहुंच गई हूं। चिंता, तनाव जैसे भाव बहुत दूर चले जाते हैं। सोच सकारात्मक हो जाती है। यही वजह है कि मेंटल हेल्थ को सुधारने के लिए नृत्य जरूरी है। मैं सबसे कहती हूं कि रोज अकेले में नृत्य करें, जहां केवल आप होंगे, मन के भाव होंगे, खुशी होगी। नृत्य सकारात्मक सोच और शांति प्रदान करता है, जिससे जिंदगी को देखने और डील करने का नजरिया बदल जाता है। नृत्य करने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। आप कभी भी नृत्य से जुड़ सकते हैं। मेरे पास एक 73 वर्ष की महिला आईं, संकोच से बोलीं, 'मैं हमेशा से नृत्य सीखना चाहती थी लेकिन कभी मौका नहीं मिला। क्या अब सीख सकती हूं?' उन्होंने वर्कशॉप की और फिर वे इतना सुंदर नाचीं कि सब देखते रह गए। मैं डांस सीखने वालों से यही कहती हूं कि जब डांस करो तो स्वच्छंद होकर करो। अगर खुद के साथ जुड़ना है तो नाचना जरूरी है। नृत्य हमारे तनाव को कम करता है और हैप्पी हार्मोंस बनाता है। मैं तो सबसे कहती हूं आनंद से जिंदगी जीनी है तो डांस करें। स्वांतः सुखाय नियमित नृत्य करें। *



कविता / पुरुषोत्तम व्यास


## हंसना भी भूल गए

अब तो हंसना भी भूल गए
बात करना भूल गए।
मुख पर ओढ़े धीर-गंभीर भाव
मालूम नहीं कौन-से
बोझ से दबे और लदे
शुभकामना देना भूल गए।
हंसने से पहले सोचा करते
आदमी को तोला करते
छीन न ले कुछ हमसे
छोटी-छोटी बातों से डरे-सहमे
प्रतिष्ठा के मोह में खोए-से
दूसरे को देखना भूल गए।
जीना ही जैसे भूल गए
अब तो हंसना भी भूल गए।

कहानी
दीप्ति श्रीवास्तव

## वक्त का तकाजा

रिटायरमेंट के बाद एक पॉश कॉलोनी में बराड़ साहब ने बहुत ही आलीशान मकान बनवाया था। लोगों से इसकी तारीफ करते नहीं थकते। लेकिन कुछ दिन बाद ही उन्हें लगा कंक्रीट की यह बिल्डिंग, प्रकृति के सुख से दूर है, परेशानियां ही परेशानियां हैं। प्रकृति से दूर होते इंसान की व्यथा-कथा।



बड़े खुश थे बराड़ साहब। उन्होंने एक पॉश कॉलोनी में बड़े शौक से मकान बनवाया था। उसके इंटीरियर में लाखों रुपए खर्च किए। जो भी आता, घूम-घूम कर घर को दिखाते और बोलते-देखिए, बस्तर आर्ट का दरवाजा, इसकी फिनिशिंग... यह झूमर इतने का... यह कोरियाई कालीन... इत्यादि-इत्यादि। नया घर, नई उन्नत तकनीक की महंगी वस्तुएं, स्वयं अपनी शान बघार रही थीं। वह सोचते, घर बनवाने और शादी के आयोजन में जितना पैसा खर्च करो, कम ही लगता है।

एक साल बाद ही बराड़ साहब का नशा उतरने लगा। जिस उत्साह से वह अपने घर का कोना-कोना लोगों को दिखाते थकते नहीं थे, जिस पर नाज कर रहे थे, अब मिलने आने वालों से कहने लगे, 'ऊपर-नीचे उतरने से मैं परेशान हो गया हूं।' वह दूसरों को सलाह देते, 'ऊपर-नीचे वाला घर कभी न लेना। मेरी हालत देखो, कैसी बुरी हो गई है?'

मिट्टी से फैलती गंदगी, बराड़ साहब को नापसंद थी, इसलिए चमकदार फर्श धूप से गर्म हो जाती। कॉलोनी के हर घर में गमले, पौधों से सुसज्जित थे, जमीन पर सीमेंट का कालीन था। बरसात में होने वाले कीचड़ के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहती।

'गर्मी ने इस बार जल्दी दस्तक दे दी यहां।' पत्नी से बराड़ साहब बोले।

'सरकारी घर में झाड़-पेड़ थे, मिट्टी का आंगन था, जो गर्मी सोख उसका अहसास कम कराता था। कितना अच्छा लगता था जब चिड़ियां घर के आंगन में चहकती थीं। तुमको यह सब अच्छा नहीं लगता, क्योंकि तुम्हरी नजर में इससे गंदगी फैलती थी।' पत्नी बोली।

गर्मी बढ़ने लगी, रात-दिन एसी में रहना पड़ता। अब बराड़ साहब को लगता नाहक बगीचे की जगह सीमेंट की फर्श फैलाकर इतना पैसा खर्च किया। अब उसको हटवाना यानी अपनी बेवकूफी का प्रदर्शन है। आस-पड़ोस वाले क्या सोचेंगे? गर्मी की समस्या से निजात न मिली, ऊपर से पानी ने भी बेहाल करना शुरू कर दिया। बेहद तपती धरा ने अपना जलस्तर बहुत नीचे कर कॉलोनी के सभी बोरवेल को सुखा दिया।

कॉलोनी का व्हाट्सएप ग्रुप घरों में पानी का त्राहिमाम दिखा रहा था। इसी समय लोगों को वाटर रिचार्ज की याद आ रही थी। ये वही लोग थे, जो जरा से कीचड़ से अपनी नाक बंद करने लगते थे, इनका मन घिना जाता था। इन्हीं के कारण पूरी कॉलोनी में सीमेंट की सड़क बिछा दी गई थी।

तभी जोर-जोर से आवाजें सुन बराड़ जी घर से बाहर आए। देखते क्या हैं, पड़ोसी आपस में झगड़ रहे हैं। रात में उनके घर के ओवर हेड टैंक से पानी चोरी हो गया था। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे। टैंकर से कॉलोनी की बड़ी टंकी भर दी गई थी, लेकिन दिन में बस एक बार ही, कम समय के लिए पानी सप्लाई किया जा रहा था। पानी की किल्लत इस अप्रैल महीने में! तब मई-जून में क्या होगा? कॉलोनी वासियों की चिंता का विषय बन गया था।

एक दिन भीषण गर्मी में बिजली पूरा दिन गायब रही। इंवर्टर भी आखिरी सांस लेने लगे, लोगों का बहुत बुरा हाल। पानी-बिजली दोनों नदारद। बताओ पैसा जेब में, लेकिन इसका उपयोग कहां करें? कहीं कोई सुविधा नहीं।

नल दिखावे का साधन मात्र रह गए। खरीदे हुए पानी के कैन मुंह चिढ़ा रहे थे। बराड़ साहब को सरकारी बंगले में चौबीसों घंटे बहते पानी की याद आती। वह तो जलसंसाधन विभाग से ही रिटायर हुए हैं।

जिस जल की उन्होंने कभी कद्र नहीं की, आज वह उनको मुंह चिढ़ा रहा है। पानी के लिए नल-जल कनेक्शन की हजारों एप्लिकेशन फाइल में दबी छुपी रोती रहतीं लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी। आज अपनी करनी पर पछतावा करने से क्या होगा, जब परिस्थितियों ने बुरी हालातों का शिकार बना रखा है। यह बात उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। अपने बड़े ओहदे का घमंड, रिटायर होने के बाद उन्हें जमीन पर ले आया था। उनकी हालत देखकर पत्नी ने सुझाया, 'हम लोग बारिश में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ लगाकर, उनकी देखभाल करेंगे, साथ ही बगीचे की सीमेंटी फर्श हटवा बड़े, झाड़ लगाएंगे, जहां चिड़ियां चहकते हुए फुदकेंगी।'

अब बराड़ साहब को समझ में आ रहा था, वह महल किस काम का, जहां पानी के लिए इंसान तरस जाए। इतिहास में बड़े-बड़े बादशाहों तक को पानी की कमी के कारण राजधानी स्थानांतरित करनी पड़ी थी। बराड़ साहब ने निर्णय लिया, बगीचे को असल स्वरूप प्रदान कर वर्षा जल का संग्रहण करेंगे और आस-पड़ोस वालों से भी अपने विचार साझा कर उनसे सहयोग की अपील करेंगे।

धरा जो सूखी पड़ रही/न रहा कोख में पानी/
मानव तेरी शर्म का उतर गया है पानी।

बराड़ साहब बड़ी गंभीरता से सोचते हैं, धरा को इस पीड़ा से छुटकारा दिलाने के लिए मजबूत स्तंभ बन वह काम करेंगे। यही वक्त का तकाजा है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गजलों का गुलदस्ता

प्रख्यात कवि, आलोचक और भाषाविद ओम निश्चल बेहतरीन गजलगो भी हैं, इस बात की तस्दीक करती हैं, हाल में आई पुस्तक 'कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए' में संकलित गजलें। यहां अलग-अलग मिजाज और तासीर की कुल मिलाकर 104 गजलें पढ़ी जा सकती हैं। कहीं वे दार्शनिक अंदाज में जिंदगी का फलसफा समझाते हुए कहते हैं, '*कुछ खोकर कुछ पाकर जाना, जीवन क्या है/ दुख से हाथ मिलाकर जाना, जीवन क्या है।*' तो कहीं अतीत की मोहब्बत को याद कर अपने जज्बातों को लफ्जों का लिबास पहनाकर कहते हैं, '*वो पलकों पर ख्वाब सजा के रखती थी/ हम ख्वाबों के पंख उड़ाया करते थे।*' सिर्फ कोमल संवेदनाओं को ही नहीं, अपनी गजलों में राजनीति और व्यवस्था तंत्र में मौजूद विद्रूप को भी वे बिना किसी लाग-लपेट के कठघरे में खड़ा करने से नहीं कतराते हैं। एक बानगी देखिए, '*किया है कत्ल जिसने, घर उसी के/पुलिस भी चाय-पानी कर रही है।*' गजल को वह केवल कुछ कहने का जरिया भर नहीं मानते हैं। तभी तो कहते हैं, '*मेरी गजल तो है इबादत का तरीका बस।*' कह सकते हैं कि गजल के कद्रदानों के लिए यह किताब, गजलों के गुलदस्ते जैसी है। *




**पुस्तक:** कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए, **रचनाकार:** ओम निश्चल, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली


UDYOG EVAM ROJGAR VARSH 2025
INVEST MADHYA PRADESH
MPSEDC
देश का टेक्नोलॉजी हब
बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संकल्पों को साकार करता मध्यप्रदेश
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा
27 अप्रैल 2025 I सायं 5:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
अवसरों का प्रदेश मध्यप्रदेश...
इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां
• ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025
• ड्रोन प्रमोशन एवं यूसेज पॉलिसी 2025
• आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023
• एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025
• सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025
टेक ईकोसिस्टम
15+ आईटी पार्क
5 आईटी सेज़
2000+ आईटी, आईटीईएस यूनिट
50+ बड़ी आईटी कंपनियां
1200+ टेक स्टार्ट-अप्स
200K+ रोज़गार के अवसर
2 टेक यूनिकॉर्न
D-11017/25
फोकस क्षेत्र
आईटी-आईटीईएस
एवीजीसी-एक्सआर
ड्रोन प्रौद्योगिकी
ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर
डाटा सेंटर
ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स
ipcell-mp@mpsedc.com I Website : mpsedc.mp.gov.in I #MPTechGrowthConclave2025 I #TechDestinationMP
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में काफी आक्रोश है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आतंकी हमले को अंजाम देने वाले व उसे प्रायोजित करने वाले को कड़ा सबक सिखाया जाय। सरकार ने इस दिशा में एक्शन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में जहां आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं सरकार पाकिस्तान के खिलाफ भी प्रतीकात्मक व क्रियात्मक एक्शन ले रही है। सिंधु जल संधि के निलंबन से लेकर पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं, उच्चायोग में कर्मियों की कटौती की गई है, अटारी व वाघा सीमा से ट्रेड बंद किए गए हैं, हालांकि ये पहले से ही बंद जैसे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने हमलावर आतंकियों व इसके साजिशकर्ताओं को कल्पना से अधिक कड़ी सजा देने की बात कही है। आज इसकी जरूरत भी है। द रेजिसटेस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा की ही शाखा है, ऐसे में इस आतंकी हमले में भी पाकिस्तान के तार जुड़ रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर में पाक फौज व आईएसआई के कई आतंकी प्रशिक्षण ठिकाने हैं। पीछे सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक भी इसी क्षेत्र के आतंकी ठिकानों पर हुए थे। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए भारत का पीओके पर कब्जा जरूरी है। टेरर के खिलाफ एक्शन पर केंद्रित आजकल का यह अंक...**

# पीओके पर कब्जे से टूटेगी आतंक की कमर



कूटनीति

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**पहलगाम नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?**

पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में अंजाम दिया गया नृशंस हत्याकांड कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का ज्वलंत प्रश्न वस्तुतः एक बार फिर से राष्ट्रीय पटल पर आ गया है। इस नृशंस हत्याकांड के पश्चात भारत सरकार द्वारा जो तत्कालिक निर्णय लिए गए हैं, उनके संदर्भ में यक्ष प्रश्न है कि क्या वर्ष 1960 में पाकिस्तान के साथ अंजाम दी गई, सिंधु जल संधि को स्थगित कर देने से पाकिस्तान द्वारा परवरिश किए गए जिहादी आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सकती है? क्या बाघा बॉर्डर और अटारी बॉर्डर को सील कर देने से भारत और पाकिस्तान के मध्य विद्यमान 3323 किलोमीटर लंबी सरहद पार करके लगातार दाखिल हो रहे जिहादी आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से रोका जा सकता है? आखिरकार कश्मीर की सरजमीं पर विगत 37 वर्षों से निरंतर जारी जिहादी आतंकवाद का निराकरण करने का क्या निर्णायक उपाय है?

कश्मीर के ज्वलंत प्रश्न पर भारत और पाक के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े गए, जिनमें पाक फौज पराजित हुईं, किंतु कश्मीर विवाद यथास्थान खड़ा है। आक्रामक युद्धों में शिकस्त खाने के पश्चात पाक हुक्मरानों ने कश्मीर पर आधिपत्य स्थापित करने की खातिर जिहादी दहशतगर्दों के द्वारा प्राक्सी वार संचालित करने की रणनीति अख्तियार की। विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी प्राक्सी वार द्वारा प्रदत्त जख्मों को भारत निरंतर झेलकर अपने तकरीबन 45 हजार सैनिकों और अफसरों का बलिदान दे चुका है। यूं तो कश्मीर की सरजमीं पर तकरीबन एक लाख से अधिक इंसान अपनी जान गवां चुके हैं। आखिरकार क्या निदान है कश्मीर विवाद का और पाकिस्तान द्वारा प्रेषित परिपोषित जिहादी आतंकवाद का?

## प्रॉक्सी वार कर रहा पाकिस्तान

भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात ही पाक हुकूमत द्वारा कश्मीर को सैन्य शक्ति द्वारा हथियाने की बाकायदा संगीन कोशिश अंजाम दी गई। जबकि पश्तुन कबाईली हमले का नकाब धारण करके मेजर जनरल अकबर अली खान के नेतृत्व में पाक फौज द्वारा ऑपरेशन गुलमर्ग के तहत रियासत कश्मीर पर 22 अक्टूबर 1947 को सैन्य धावा बोला गया। जम्मू कश्मीर रियासत के महाराजा हरि सिंह की छोटी सी सेना ताकतवर पाक फौज के आक्रमण का मुकाबला करने में नाकाम सिद्ध हुई। अंततः महाराजा हरि सिंह ने तत्काल प्रभाव से 26 अक्टूबर 1947 को संपूर्ण जम्मू कश्मीर रियासत का भारत के साथ संविलयन करने के लिए बाकायदा विलयपत्र पर दस्तखत कर दिए। भारतीय फौज आक्रमणकारी पाकिस्तानी फौज़ को जबरदस्त शिकस्त देते हुए निरंतर गति से आगे बढ़ रही थी और अपनी विजय पताका फहराती हुई



उरी इलाके तक पहुंच गई थी, जहां से पाक अधिकृत कश्मीर का मुजफ्फराबाद इलाका कुछ ही घंटे की दूरी पर स्थित था। विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को यकायक युद्ध विराम करने का आदेश भारत की केंद्रीय हुकूमत द्वारा दिया गया। भारत की तत्कालीन अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले गए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जम्मू कश्मीर में जनमत संग्रह आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया। पाकिस्तान की हठधर्मिता के कारण जम्मू-कश्मीर में कभी संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जनमत संग्रह नहीं आयोजित किया जा सका। 1988 से पाक हुकूमत ने कश्मीर पर बलपूर्वक आधिपत्य स्थापित करने के लिए प्रॉक्सी वार का संचालन प्रारंभ किया।

## आर्टिकल 370 को निरस्त किया

वर्ष 2019 में भारत सरकार में जम्मू कश्मीर प्रांत के लिए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त आर्टिकल 370 को निरस्त किया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा यह दावा पेश किया गया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने से कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का स्वतः सफाया हो जाएगा। मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी अंजाम दी गई और दावा किया गया कि भारत में सक्रिय आतंकवादी गिरोहों की कमर टूट जाएगी। नोटबंदी से आतंकवादियों की कमर तो कदाचित नहीं टूट सकी, छोटे व्यापारियों की कमर जरूर टूट गई। कश्मीर में आतंकवाद निरंतर सक्रिय बना रहा, किंतु उसकी घातक क्षमता में किंचित मात्र कमी जरूर आई।

मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में जो अत्यंत बर्बर और नृशंस वारदात अंजाम दी गई, इसे विगत 10 वर्षों में सबसे विकट और घातक आतंकवादी हमला करार दिया जा रहा है। इस वारदात के बाद भारत सरकार की कश्मीर नीति पर अनेक तल्ख़ प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। वर्ष 2014 में सत्तासीन होते ही नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में जिहादी आतंकवाद का सफाया करने का जबरदस्त वादा पेश किया गया था। भारत की केंद्रीय हुकूमत ने ऐलान किया था कि आर्टिकल 370 के समापन के बाद भारत के सभी प्रांतों के लोग जम्मू-कश्मीर में अब जमीन खरीद सकते हैं, अपने उद्योग धंधे स्थापित कर सकते हैं, अपने घरों का निर्माण कर सकते हैं।

## नागरिकों को कड़ी सुरक्षा का दावा

भारत सरकार की कश्मीर नीति का सबसे आवश्यक ऐलान रहा है कि कश्मीर घाटी में पर्यटन को बढ़ावा प्रदान करना है और साथ ही भारतीय नागरिकों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करनी है। यकीनन कश्मीर घाटी में पर्यटकों की संख्या में आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि होने का दीदार हुआ। विगत वर्ष 2024 में तकरीबन 35 लाख पर्यटक कश्मीर घाटी में पधारे। कश्मीर की सरजमीं पर बॉर्डर टूरिज्म का भी आगाज़ किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से कश्मीर में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की जबरदस्त तामीरें अंजाम दी गई। अनेक शानदार बड़े टनल निर्मित किए गए। जम्मू कश्मीर के अत्यंत दुर्गम इलाकों को आपस में संबद्ध करने का अत्यंत दुरूह काम अंजाम दिया गया। इसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनमर्ग टनल का उद्घाटन किया जोकि सोनमर्ग को गगनगिरी से संबद्ध करता है। जम्मू-कश्मीर में ऊंची तालीम प्रदान करने के लिए अनेक संस्थानों का निर्माण किया गया। भारतीय हुकूमत की तरफ से यह पैगाम दिया गया कि कश्मीर में अब खौफ ओ दहशत का दौर खत्म हो गया है। भारतीय हुकूमत निरंतर दावा पेश करती रही कि कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और जिहादी दहशतगर्दी पर कठोर नियंत्रण स्थापित कर लिया गया है। भारत को एकजुट रखने के लिए केंद्रीय हुकूमत में शासन करने वाली पार्टी को अपनी ध्रुवीकरण और विभाजनकारी नीतियों का पूर्णतया परित्याग भी करना होगा। जिहादी आतंकवादी तो मजहब को आधार बनाकर मारने से पहले नाम पूछेंगे ही, क्योंकि पाकिस्तान का निर्माण ही मजहब के आधार पर हुआ है। यक्ष प्रश्न यह है कि हम भारतीय क्या कर रहे हैं ? पहलगाम क्षेत्र से जहां पर यह दुर्भाग्यपूर्ण आतंकवादी घटना अंजाम दी गई, भारतीय सेना की सुरक्षा हटा ली गई थी और तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व जम्मू-कश्मीर पुलिस को इस क्षेत्र की समस्त सुरक्षा सौंप दी गई थी। एक ज्वलंत तथ्य पोनी घोड़ा चलाने वाला एक शख्स जो कि मजहब से मुसलमान था, उसने एक आतंकवादी से राइफल छीन लेने के प्रयास में अपनी जान दे दी। पहलगाम में तकरीबन दो हजार पर्यटकों की भीड़ को सुरक्षा देने वाला एक भी पुलिसकर्मी विद्यमान नहीं था। पाकिस्तान के दहशतगर्द जिहादी शर्मनाक और नृशंस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद मौका ए वारदात से बिना किसी मुकाबले के फरार हो गए।

## आतंकवादी हमले का मिला था इनपुट

इंटेलिजेंस के रॉबिनहुड कहे जाने वाले नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल कितने नाकाम सिद्ध हुए। पुलवामा की तरह पहलगाम में इंटेलिजेंस का इनपुट था कि आतंकवादी हमला अंजाम दिया जा सकता है, किंतु केंद्रीय हुकूमत ने इस पर कोई तवज्जो प्रदान नहीं की। आखिरकार वही हुआ जो कि नहीं होना था। वर्ष 2019 में आर्टिकल 370 को निरस्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में पहली दफा कश्मीर घाटी का दौरा किया। नरेंद्र मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा लोकसभा चुनाव से कुछ वक्त पहले संपन्न हुआ था। श्रीनगर की एक बड़ी आम सभा में जोरदार तकरीर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरमाया था कि कश्मीरी आजादी की सांस ले रहे हैं उन्होंने आगे फरमाया कि आर्टिकल 370 के निरस्त हो जाने के बाद कश्मीर की प्रगति और समृद्धि नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी तकरीर में आगे कहा कि वर्षों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने आर्टिकल 370 के विषय में जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के लोगों को भरमाया और बरगलाया। भारतीय हुकूमत के प्रधानमंत्री के तमाम दावों के बावजूद कश्मीर की वस्तु स्थिति के वास्तविक जानकार निरंतर कहते रहे हैं कि कश्मीर में जिहादी आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका और यहां-वहां जम्मू-कश्मीर में अनेक स्थानों पर आतंकवादी हिंसा निरंतर जारी रही है। भारतीय सैनिक और कश्मीरी नागरिक आतंकवादियों द्वारा निरंतर हलाक़ किए जाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म किए जाने के बाद सुरक्षा प्रबंधन की संपूर्ण शक्तियां केंद्रीय हुकूमत के हाथों में निहित रही हैं। कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ देने का केंद्रीय गृहमंत्री का दावा एकदम खोखला सिद्ध हुआ। कश्मीर घाटी की कठोर सच्चाई है कि आर्टिकल 370 को निरस्त किए जाने के बाद कश्मीर घाटी के आवाम पहले की ही तरह आतंकवाद की दहशत से पूर्णतया मुक्त नहीं हुए हैं। वर्ष 2019 में ही पुलवामा में आतंकवादी आक्रमण में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए। केंद्रीय हुकूमत ने कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने के लिए ऐसा कुछ भी नहीं किया, जोकि पहले से नहीं किया जा रहा था।

## संसद के प्रस्ताव को जामा पहनाना होगा

भारत को आतंकवाद के प्रतिरोध को अंजाम देने में तभी कामयाबी मिलेगी,जब भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कथित एलओसी अर्थात लाइन ऑफ़ कंट्रोल को रौंद कर पाक अधिकृत कश्मीर में पाक आईएसआई द्वारा स्थापित किए गए आतंकवादी सैन्य शिविरों पर निरंतर आक्रमण अंजाम दिए जाएं। वर्ष 1993 में भारतीय संसद एक मत से यह प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वक्त आ गया है कि संसद के प्रस्ताव को भारतीय हुकूमत द्वारा अमली जामा पहनाया जाए और अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने के लिए एक बड़ी सैनिक कार्यवाही अंजाम दी जाए। अन्यथा कश्मीर में आतंकवाद का सफाया नामुमकिन रहेगा। कश्मीर पर संपूर्ण आधिपत्य स्थापित करने के लिए भारत को कूटनीति के साथ सैन्यनीति से एक निर्णायक जंग पाकिस्तान से लड़नी ही होगी।

# भारत की ओर से सैन्य कार्रवाई ही शेष



पहलगाम

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

पहलगाम हमले के बाद संपूर्ण देश का सामूहिक मानस वैसी कार्रवाई, प्रतिरोध और प्रतिशोध का इच्छुक है जिससे भारत को दोबारा ऐसी भयानक घटना का सामना न करना पड़े। यह स्वाभाविक है। एक समय जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम थी और तब भी लोगों के अंदर क्रोध पैदा होता था लेकिन आम मानस यह था कि इसे रोकना अभी संभव नहीं। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के बाद माहौल बदला, आतंकवादी घटनाओं में व्यापक कमी आई है। जम्मू के साथ-साथ कश्मीर घाटी भी धीरे-धीरे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक,शैक्षणिक गतिविधियों में देश के सामान्य राज्य की तरह काफी हद तक पटरी पर लौट गई है। ऐसे माहौल में एक साथ 26 हिंदुओं तथा एक गैर मुस्लिम की हत्या के बाद उबाल स्वाभाविक है।

## आतंकवाद के नाश का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भी आंतरिक और सीमा पार आतंकवाद के समूल नाश का सक्रिय संकल्प दिखाया है। मोदी सरकार ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक तथा 2018 में पुलवामा हमले के बाद हवाई बमबारी जैसी भारत की दृष्टि से अकल्पनीय मानी जाने वाली कार्रवाई करके देश का विश्वास प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री ने स्वयं 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी की आमसभा में केवल आतंकवादी नहीं उनको प्रायोजित करने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी ऐसी कार्रवाई की घोषणा की जिसकी कल्पना नहीं की गई होगी। उनका विश्व के लिए संदेश था कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत कमर कस चुका है और कार्रवाई करेगा। कोई देश सार्वजनिक संकल्प दिखाते हुए समानांतर कदम उठाता है और उसकी पृष्ठभूमि आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की हो चुकी है तो विश्व समुदाय को भी सोच और व्यवहार को उसके अनुरूप बदलना पड़ता है। हम देख रहे हैं कि पाकिस्तान के साथ एक देश नहीं खड़ा है। वे मुस्लिम देश, जो सामान्यतः जम्मू कश्मीर पर इस्लामिक सम्मेलन संगठन या ओआईसी में उसका साथ देते थे, हिम्मत नहीं दिखा रहे। अमेरिकी विदेश विभाग की ब्रीफिंग में एक पाकिस्तानी पत्रकार के प्रश्न की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने हिकारत के भाव से उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस पर भारत के साथ हैं। सच है कि काश पटेल के नेतृत्व में अमेरिका की एफबीआई तथा तुलसी गवार्ड के निर्देशन में नेशनल इंटेलिजेंस आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में भारत के साथ खड़ा है। यूरोपीय देशों ने स्पष्ट रूप से भारत का समर्थन किया है। पाकिस्तान ने यद्यपि इस्लामाबाद में 26 देशों के राजनयिकों को बुलाकर अपनी दृष्टि से ब्रीफिंग की किंतु कोई उससे प्रभावित है, ऐसा लगता नहीं।

## सिंधु जल संधि स्थगित

प्रश्न है कि भारत क्या कर सकता है, क्या करेगा और कैसी संभावनाएं हैं? घटना के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू कश्मीर से लौटने के बाद मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने तत्काल प्रभाव से पाकिस्तानियों को दिये हर तरह का वीजा रद करने, उन्हें देश छोड़ने, पाकिस्तानी



उच्चायोग से रक्षा और सैनिक विभाग के अपने समकक्षों को इस्लामाबाद से बुलाने तथा संख्या कम करने का अदम उठाया। इसके साथ सिंधु जल संधि स्थगित करने का अभूतपूर्व कदम उठाया। पाकिस्तान ने इसकी प्रतिक्रिया में सीनेट में प्रस्ताव पारित किया तथा आतंकवादी घटना से स्वयं को अलग करते हुए भारत पर ही बदनाम करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान का सबसे बड़ा वक्तव्य है कि सिंधु जल समझौते को रद करना युद्ध जैसा कदम है। उसने 1972 के शिमला समझौते को समाप्त करने की धमकी दी। पाकिस्तान की दुर्दशा देखिए कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक साक्षात्कार में आतंकी संगठनों के वित्त पोषण, प्रशिक्षण और समर्थन के इतिहास संबंधी प्रश्न पर स्वीकार किया कि हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए ऐसा करते रहे हैं और हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हम अगर सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान युद्ध या 9/11 में साथ नहीं होते तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड साफ रहता। तो इतना उन्होंने स्वीकार किया। यह भी वास्तविक सच को इस मायने में झूठलाना है क्योंकि स्थिति का लाभ उठाते हुए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पाकिस्तान ने अपनी ओर से प्रायोजित किया और उसका पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जो एक हद तक अभी भी कायम है। विश्व के प्रमुख देशों की सूचना में ये सारी बातें हैं। इसलिए भारत ने जब 2018 में हवाई बमबारी की तो एक भी देश ने उसका विरोध नहीं किया। उस समय भी डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के और व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति थे। निःसंदेह, संपूर्ण देश में पाकिस्तान के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई या युद्ध का माहौल बना हुआ है। इस दृष्टि से देखें तो सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई बमबारी की जा चुकी तथा इसके प्रभाव भी पड़े। स्वाभाविक ही इससे बड़ी कार्रवाई की स्थिति सामने है। तो आगे क्या? जम्मू-कश्मीर के लिए आंतरिक और बाह्य दोनों स्तरों पर कार्रवाई की आवश्यकता थी, जो हो रही है। पहलगाम के बाद उसको पूर्णता तक ले जाना अपरिहार्य हो गया है। भारत ने आंतरिक रूप से पहलगाम हमले के एक आतंकवादी अनंतनाग के बरा स्थित आदिल ठोकर उर्फ आदिल कुड़ी के घर को ध्वस्त किया तथा दूसरे आतंकवादी जैश ए मोहम्मद के आसिफ शेख का मकान तलाशी के दौरान स्वयं ध्वस्त हो गया।

## भारत अब बदल चुका

यह आतंकवादियों को सीधा संदेश है कि भारत बदल चुका है। सच यही है कि जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में न केवल भारत बदला है बल्कि जम्मू कश्मीर तथा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य भी बदला हुआ है। यह पहली बार है जब आतंकवादी घटना के विरुद्ध कम या ज्यादा संख्या में संपूर्ण जम्मू कश्मीर से लोग सड़कों पर आए हैं, कैंडल मार्च और धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि यह सब गृह मंत्री अमित शाह के कश्मीर दौरे के बाद ही आरंभ हुआ। अमित शाह के साथ बैठक में मुख्यमंत्री के रूप में उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित थे और वहां कुछ बातें हुई होंगी। उसके बाद नेशनल कांफ्रेंस ने पहली बार विरोध प्रदर्शन किया और महबूबा मुफ्ती जैसी पाकिस्तान के प्रति नरम नीति अपनाने वाली नेत्री को भी सड़क पर उतरना पड़ा। कश्मीर में जहां आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कार्रवाई के विरुद्ध नारे लगाते थे, पत्थरबाजी होती थी और किसी तरह आतंकवादियों के निकल भागने का रास्ता तैयार किया जाता था, उसके विपरीत यह दृश्य निश्चित रूप से महत्वपूर्ण बदलाव का संदेश है। थोड़ी गहराई और व्यापकता से विचार करें तो निष्कर्ष आएगा कि सीमा पर सैन्य कार्रवाई को छोड़कर किसी देश के विरुद्ध जितने कदम उठाए जा सकते थे, लगभग भारत ने एक बारगी उठा लिया है। इसका अर्थ है कि भारत समग्रता में दीर्घकालिक समाधान की दृष्टि से बहुपक्षीय कार्रवाई की ओर अग्रसर है।

# सबक सिखाना और सीखना दोनों जरूरी



आतंकवाद

राजकुमार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

बड़े लोगों के परिजन अकसर विदेश में ही रहते हैं, पर कहा जा रहा है कि सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर समेत पाकिस्तान के बड़े सैन्य अधिकारियों ने परिवारों को यूरोप भेज दिया है। यह पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में बढ़ते तनाव का असर है। उन्हें डर है कि प्रतिक्रियास्वरूप भारत बड़ी कार्रवाई कर सकता है। अभी तक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाक उच्चायोग स्टाफ घटाने, सार्क समेत 14 श्रेणियों में पाक नागरिकों को जारी वीजा तुरंत रद करने और अटारी बॉर्डर बंद करने जैसे कुछ सख्त फैसले लिये हैं। पाकिस्तान ने भी भारत के लिए अपना एयरस्पेस बंद करते हुए जवाबी कदम उठाये हैं। यह तनाव और बढ़ सकता है। इसी साल विधानसभा चुनाव वाले बिहार में जनसभा के बजाय दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकियों को 'मिट्टी में मिला देने' की चेतावनी देते तो शायद और बेहतर संदेश जाता। बिहार को कुछ सौगातें देने के मौके पर जनसभा में मोदी ने कहा कि 'उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' मिलेगी। धार्मिक पहचान पूछ कर 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले मानवता के दुश्मनों को कठोरतम सजा मिलनी ही चाहिए, पर उनको नापाक मंसूबों में सफल हो जाने देने के लिए जिम्मेदार हमारे तंत्र पर भी तो गाज गिरनी चाहिए। पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यस्था की रीढ़ है।

## सुरक्षा में चूक का सवाल

हाल के वर्षों में वहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या भी सुखद है। फिर स्विटजरलैंड से तुलना वाली पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हजारों पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई मौजूद क्यों नहीं था? आखिर देश भर से ये पर्यटक 'स्थिति सामान्य' होने के सरकारी दावों पर भरोसा करते हुए ही वहां गये थे। आपसी रिश्ते रसातल में पहुंच जाने के बावजूद इस संकटकाल में विपक्ष ने हर कदम के लिए सरकार को समर्थन देकर समझदारी का परिचय दिया है, लेकिन सुरक्षा में चूक की बात घुमा-फिरा कर स्वीकार करने वाली व्यवस्था खुद पर उठते सवालों का जवाब कब देगी? केंद्र सरकार के ये स्पष्टीकरण कि टूर ऑपरेटर्स ने बिना बताये टूर शुरू कर दिये तथा जहां हमला हुआ, वह जगह मेन रोड से बहुत दूर है, गैर-जिम्मेदारी की पराकाष्ठा हैं। जो सरकारी तंत्र हजारों पर्यटकों के पहलगाम पहुंचने की जानकारी के लिए टूर ऑपरेटर्स की सूचना पर निर्भर हो तथा घटनास्थल मेन रोड से बहुत दूर होने के कारण वहां पर सुरक्षाकर्मी न होने का कुतर्क दे सकता हो, उसकी क्षमता और दक्षता पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं रह जाती। सामान्य समझ भी बताती है कि ऐसे हमले को बिना सुनियोजित साजिश और लंबी तैयारी के अंजाम नहीं दिया जा सकता।

## हमारे सत्ता तंत्र की जवाबदेही

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा पुनः कश्मीर राग आलापे जाने तथा पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अचानक हिंदू-मुसलमान के बीच स्पष्ट भेद बताते हुए



द्विराष्ट्र थ्योरी पर कुतर्कों के साथ लंबे प्रवचन से भी हमारी व्यवस्था के कान खड़े नहीं हुए। वैसे जो तंत्र हमले की आशंका की खुफिया सूचना के बावजूद पर्यटक स्थलों पर भी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाया, उससे दुनिया के घटनाक्रम से सजग होने की उम्मीद नहीं जा सकती। पहलगाम जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था नदारद होने से सेना की घटती संख्या तथा अग्निवीर जैसी विवादास्पद योजना पर भी नये सिरे से सवाल उठने लगे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि सुरक्षा में चूक के बाद सवाल उठना स्वाभाविक है, लेकिन इनके जवाब दूरगामी प्रभाव और परिणाम तय करेंगे।

पाकिस्तान तो अस्तित्व में आने के बाद से ही भारत में अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने की साजिशें रचता रहा है, पर उन्हें नाकाम करते हुए देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही हमारे सत्ता तंत्र की है। इसलिए नापाक पाक पर निशाना साधते हुए भी अपनी नाकामी की जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। संविधान संशोधनों के बाद जम्मू-कश्मीर की वास्तविक कमान केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के ही हाथ है। पिछले साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हो जाने के बावजूद सुरक्षा संबंधी अहम बैठकों में निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बुलाया तक नहीं जाता। बेहद संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में निर्वाचित सरकार को नजरअंदाज कर सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से लड़ाई में सफलता की सोच में ही विफलता निहित है। दूसरा बड़ा मुद्दा धार्मिक पहचान पूछ कर मारे जाने को बनाया जा रहा है। बेशक यह मानवता के विरुद्ध है, पर मानवता के विरुद्ध तो आतंकवाद ही है। पंजाब में आतंकवाद के दौर में भी धार्मिक पहचान के आधार पर बसों से उतार कर हत्या की जाती थी। पहलगाम में तो हिंदू पर्यटकों की जान बचाते हुए एक मुस्लिम ने अपनी जान तक गंवा दी। फिर भी देश के कई हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विभाजन के पाकिस्तानी मंसूबे पूरे करने में कुछ लोग मददगार बनने को उतावले नजर आ रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दुनिया को भी लग रहा है कि कुछ बड़ा होगा, पर कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या होगा, लेकन जो भी होगा, आतंकवाद पर करारा वार होगा। मोदी के ऐसे सख्त बोल पिछली बार 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा हमले पर सुनायी पड़े थे और 26 फरवरी को तड़के भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक कर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों को तबाह कर दिया। उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद यह दूसरी बार था, जब भारत ने सीमा पार कर आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाया। उसी के बाद सरकार और भाजपा ने नारा बुलंद किया कि यह नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुस कर मारता है। नारा जनता के सिर चढ़ कर बोला और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 282 से बढ़ कर 303 हो गयीं। उत्साहित मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले, संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करते हुए उसे विभाजित भी कर दिया।

## प्रायोजित आतंकी हमले जारी

दावा किया गया कि अनुच्छेद 370 अलगाववाद और आतंकवाद का औजार बन गया था। बाद के सालों में जम्मू-कश्मीर में बेहतर हालात का दावा भी किया जाता रहा, लेकिन पहलगाम हमला बताता है कि सुरक्षा के मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। पाक प्रायोजित आतंकवाद के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान न भी माने, पर दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ है कि पहलगाम में सीमा पार प्रायोजित आतंकी हमला ही था, लेकिन अप्रत्याशित हरगिज नहीं था।

# पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है और पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ रुपए दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ रुपए दिए गए थे। पंजाब में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने और अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों की कभी सुध नहीं ली है और न ही किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदा। वर्ष 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलों को हरियाणा की तरह एमएसपी पर खरीदा जाएगा। सैनी ने यह बात शनिवार को पंजाब के डेराबस्सी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

**खास बातें**

- कहा, हरियाणा की जन-कल्याणकारी योजनाओं को पंजाब में भी किया जाएगा लागू
- हरियाणा में आज जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कर रही है कार्य



### हरियाणा में घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा को तकनीक से जोड़ते हुए हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से 52 लाख से अधिक परिवारों को घर बैठे 400 से ज्यादा योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह अपने-आप में एक अनूठी पहल है। इसी तरह से हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3000 रुपए तक बढ़ाकर बुजुर्गों को सम्मान दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर लोगों को जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में "म्हारा गांव-जगमग गांव" योजना के तहत 5878 गांवों को भी शहरों की तर्ज पर 24 घंटे बिजली दी जा रही है। पंजाब में भी भाजपा सरकार बनने पर लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

### तुष्टीकरण और वंशवाद को खत्म किया

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री महारानी परनीत कौर, राज्यसभा सदस्य सतनाम संधू, गुरदर्शन सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, संजीव वशिष्ठ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में भी सरकार ने ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा को मूलमंत्र माना है। जातिवाद, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को समाप्त किया जिसकी बदौलत प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। आज हरियाणा में एक जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू होते ही बिना पर्ची-बिना खर्ची के 26 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा राष्ट्रीय राजमार्गों, उद्योग, डिजिटल सेवाओं, युवाओं के लिए कौशल विकास, महिला सुरक्षा, और किसानों के कल्याण में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

## लेफ्टिनेंट विनय के परिवार को 50 लाख रुपए और एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दी जानकारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए करनाल निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट 26 वर्षीय विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें विनय नरवाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री सैनी ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत की सख्त शब्दों में निंदा की है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में आग से एक महिला की मौत, 6 भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अंधेरी उपनगर स्थित आवासीय परिसर के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार रात 2.40 बजे आग लगने से एक महिला की मौत हो गई तथा 2 बच्चों सहित छह अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 8 मंजिला 'ब्रोक लैंड' इमारत की पहली मंजिल पर फ्लैट में आग लगी। अभिना संजनवाला की मौत हो गई।



### झांसी जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में आग

**झांसी।** यहां शनिवार शाम जिला अस्तपाल के बच्चा वार्ड की छत पर शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर वहां चीख-पुकार मच गई। जिनके बच्चे वार्ड में भर्ती थे, वेबच्चों को लेकर बाहर भागने लगीं। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी बुला ली गईं। करीब आधे घंटे में काबू पाया जा सका।




### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 3 युवकों की मौत

**देवबंद।** यहां शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग मौजूद थे, हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है।डीएम मनीष बंसल ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें राहुल उर्फ काका, विशाल और विकास निवासी जड़ौदा जट शामिल हैं।



### सेलम में पटाखों में विस्फोट से 4 नहीं रहे

**सेलम।** तमिलनाडु में सेलम जिले के कंजनाइकेनपट्टी गांव में शुक्रवार देर रात एक मंदिर के पास दुर्घटनावश पटाखों में विस्फोट होने से 2 बच्चों समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीएमएम के स्टालिन ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 3-3 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।



### असम में 'पाक समर्थक' पोस्ट में 9 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाने के आरोप में राज्य में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे राज्य में इस तरह के मामलों में गिरफ्तार लोगों की संख्या 9 हो गई है। उन्होंने बताया कि नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में की गई।



प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 47 केंद्रों से जुड़े

# 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं का किया आह्वान, 51, 236 नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**रोजगार मेला का आयोजन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेला कार्यक्रम में 51,236 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गाया। इसमें देशभर के 47 केंद्रों से जुड़ा रहा। पीएम मोदी ने नए कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे भारत की अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि आपकी लगन जितनी अधिक होगी, हम उतनी तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि जब देश के विकास में युवा भागीदार बनते हैं, तो तेजी से तरक्की होती है। उन्होंने 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने नवाचार, स्वरोजगार और तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। डिजिटल क्रांति में भारत की उपलब्धियों को उजागर करते हुए पीएम मोदी ने युवाओं की मेहनत को श्रेय दिया।

### 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' का किया जिक्र

पीएम ने केंद्रीय बजट में घोषित 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' की भी चर्चा की, जो 'मेक इन इंडिया' अभियान को गति देगा और युवा उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल, फुटवियर, खादी और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खादी का कारोबार अब 1.7 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

### देश के युवा विकास में शामिल होंगे तो तरक्की भी होगी पक्की




### आइए, हम सब मिलकर 'विकसित' और 'समृद्ध' भारत बनाएं

पीएम ने कहा कि हम सब मिलकर एक 'विकसित' और 'समृद्ध' बनाएं। ये नई नियुक्तियां गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राजस्व विभाग और उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालयों और संगठनों में की गई हैं। अक्टूबर 2022 से अभियान के तहत अब तक 10 लाख से अधिक स्थायी सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। पहले मेले में 75,000 और दिसंबर 2023 में आयोजित 14वें मेले में 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।

**आज जलमार्गों की संख्या बढ़कर हो गई 110**

पीएम ने बताया कि जलमार्गों से माल दुलाई 2014 में 18 मिलियन टन से बढ़कर आज 145 मिलियन टन हो गई है और राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 5 से बढ़कर 110 हो गई है।

**एआई और नए मीडिया क्षेत्र युवाओं के लिए बड़े अवसर होंगे**

पीएम ने मुंबई में 2025 में होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एआई और नए मीडिया क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा।

**महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा भी की**

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने हालिया यूपीएससी परीक्षा परिणामों का जिक्र किया, जिसमें शीर्ष दो स्थान महिलाओं ने हासिल किए।

'मन की बात' का 121वां एपिसोड आज

## 'नमन परिवार' को समर्पित होगा यह कार्यक्रम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड में इस रविवार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड में से इस बार जमशेदपुर स्थित नमन परिवार को इससे सीधे जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। देशभर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने वाले नमन परिवार के सदस्य 27 अप्रैल के पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुनेंगे और साथ ही शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों को समर्पित एक विशेष आयोजन का भी हिस्सा बनेंगे। यह आयोजन साकची काशीडीह स्थित नमन कार्यालय में होगा, जहां नमन के सदस्यगण, पूर्व सैनिक, युवा और समाजसेवी एकत्रित होंगे। देश के रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान और उनके परिवारजनों के साथ एक आत्मीय संवाद कार्यक्रम का केंद्र बिंदु होगा।

नूंह में एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# 7 सफाई कर्मचारियों की मौत व 4 गंभीर घायल



एजेंसी ▶▶ नूंह

जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर इब्राहिमबास गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 6 सफाई कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सफाई करने वाले 11 कर्मचारियों में 10 महिलाएं और एक पुरुष था। जिनमें से 6 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई और 5 लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक और सफाईकर्मी ने दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 7 लोगों की मौत हो गई है। चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य किया जा रहा था

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब करीब 11 सफाई कर्मचारी एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य कर रहे थे। अचानक आई तेज रफ्तार पिकअप ने इन कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 कर्मचारियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल पांच कर्मचारियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक और कर्मचारी की मौत हो गई। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### शवों के टुकड़े हो गए

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। एंबुलेंस, रोड सुरक्षा एजेंसी के वाहन और पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। हादसे की भयावहता ऐसी थी कि आसपास के लोग स्तब्ध रह गए। कई शवों के टुकड़े अलग-अलग हो गए। लोग इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं और मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। कई यूजर्स ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग भी उठाई है।

केजीएमयू में मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान बवाल

# पुलिस और डॉक्टरों पर किया पथराव कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में शनिवार की सुबह बड़ा बवाल हो गया।

अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान चिकित्सकों की टीम और पुलिस पर पथराव किया गया। सूचना अन्य चिकित्सकों तक पहुंची तो बड़ी संख्या में डाक्टर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कई थानों की फोर्स भी मौके पर है।

### अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार का मामला

**अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव, दो डॉक्टर घायल**



शनिवार की सुबह केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के पिछले हिस्से में बनी हजरत कवामुद्दीन हाजी हरमैन साहब की मजार के आसपास किए गए बड़ी संख्या में अतिक्रमण और कब्जे को हटाने के लिए चिकित्सकों की टीम पुलिस के साथ पहुंची थी। इस बीच अंदर मौजूद अतिक्रमणकारियों ने टीम पर पथराव कर दिया। घटना में दो चिकित्सकों के घायल होने की सूचना भी है। बवाल की सूचना पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। किसी को भी मजार के पास जाने से रोक दिया गया है। उधर बवाल की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

**ईडी की कार्रवाई**

### गोवा में 1,000 करोड़ का भूमि घोटाला मिला

**पणजी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में उच्च मूल्य की जमीनों का कथित रूप से धोखाधड़ी से हस्तांतरण करने संबंधी 1,000 करोड़ के भूमि घोटाले के सिलसिले में गोवा में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी और उसके बाद की वित्तीय जांच के आधार पर गुरुवार और शुक्रवार को छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि रोहन हरमलकर मुख्य साजिशकर्ता है।



## मेरठ में पहलगाम हमले का विरोध




**मेरठ।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आहूत बंद के दौरान शनिवार को मेरठ में लोग विरोध मार्च में हिस्सा लिया।

हैदराबाद में राहुल ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# आज विपक्ष से संवाद नहीं, कुचलने का प्रयास हो रहा

### भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस पार्टी खुद को पूरी तरह से फंसा और अलग-थलग महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा कि नई राजनीति जो आक्रामक है और जहां विपक्ष से संवाद नहीं बल्कि उसे कुचलने का प्रयास होता है, उसने हमारे सभी रास्ते बंद कर दिए। मीडिया और माहौल दोनों ने हमें स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की खूब सराहना भी की।

### सरकार डर और नफरत में हमें हर बार हरा देगी



राहुल गांधी ने बताया कि इसी स्थिति में कांग्रेस ने अपने इतिहास में झांका और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मैंने दो बातें सीखी। पहली- हमारे विरोधियों के पास गुस्सा, डर और नफरत पर एकाधिकार है। हम उनसे इस मैदान पर कभी मुकाबला नहीं कर सकते। वे गुस्से, डर और नफरत में हमें हर बार हरा देंगे। राहुल ने कहा कि अब सवाल ये है कि कांग्रेस को किस जगह और किस भावना से काम करना चाहिए और कैसे एक मजबूत जवाबी नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है।

### सीएम रेड्डी ने गिनाईं उपलब्धियां

इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत समिट में कहा कि तेलंगाना एक समृद्ध इतिहास, अनूठी संस्कृति और परंपराओं की भूमि है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे छात्रों, श्रमिक संगठनों, किसानों और महिलाओं के नेतृत्व में लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भी लोगों की आकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं। कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपते हुए जनता ने उम्मीद जताई थी कि उनके सपने साकार होंगे और उनकी सरकार अब इन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 20,617 करोड़ के कृषि ऋण माफ़ किए गए।

नड्डा ने की गणपति की पूजा-अर्चना

# पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶ पुणे



भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को 'करारा' जवाब देगा। इस सप्ताह की शुरुआत में हुए हमले में 26 लोगों की मौत गई थी। श्रीमंत दगडूशेठ गणपति की पूजा-अर्चना करने के बाद यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में नड्डा ने कहा कि पूरा देश उम्मीद करता है कि पीएम नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा जवाब देंगे। नड्डा ने कहा कि मैं यहां गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आया हूं। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में कायरतापूर्ण हमला हुआ, उससे पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने कहा कि वह आशीर्वाद मांगते हैं कि देश स्थिति का मजबूती से सामना करे। मुझे विश्वास है कि गणेशजी के आशीर्वाद से देश इस कठिन समय से गुजर जाएगा और पीएम मोदी के नेतृत्व में जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा।

# सोने में तेजी से गोल्ड ईटीएफ का चला जादू, चौंका रहा रिटर्न

*● रिटर्न देने में एसआईपी को भी पीछे छोड़ा ● सोने के ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को भी पछाड़ा ● एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में 54.35% का रिटर्न मिला ● गोल्ड ईटीएफ में मार्च में मुनाफा वसूली देखी गई*

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

सोने में आई तेजी ने कई फंड में भी तेजी ला दी है। पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को काफी पीछे छोड़ दिया है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में सोने में और तेजी बनी रह सकती है। वहीं, कुछ जानकारों के मुताबिक इसकी कीमत में कुछ गिरावट की भी उम्मीद है। अगर आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं तो अच्छे रिटर्न के लिए आपको अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सोने में तेजी से इससे जुड़े फंड ने अच्छा रिटर्न दिया है। सोने की कीमतें इस समय एक लाख के आसपास चल रही है। मंगलवार को तो 1800 रुपये का उछाल आया और 10 ग्राम सोना 1 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निवेशकों को चमका दिया है। यानी निवेशकों को भरपूर रिटर्न मिल रहा है। ऐसे में निवेशक अब सोने की तरफ अग्रेसित हो रहे हैं।




### क्या है गोल्ड ईटीएफ

गोल्ड ईटीएफ एक ऐसी एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है, जिसमें सोने की कीमत को ट्रैक करने के लिए निवेश किया जाता है। यह एक ऐसी संपत्ति है जो सोने की कीमत के साथ बदलती है, जैसे कि अगर सोने की कीमत बढ़ती है, तो गोल्ड ईटीएफ की कीमत भी बढ़ेगी। यह भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन उसे शारीरिक रूप से रखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह निवेशकों को सोने में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है बिना भौतिक सोना खरीदने की आवश्यकता के।

### सोने में निवेश करने के ये भी ऑप्शन

- **सोने के सिक्के या बार** : सोने के सिक्के या बार खरीदना एक पारंपरिक तरीका है।
- **सोने के जेवर**: सोने के जेवर भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स** : गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स के फायदे**: गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **सोने के शेयर**: सोने के शेयरों में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **सोने के शेयरों के फायदे**: सोने के शेयरों में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म**: जैसे कि पेटीएम गोल्ड, गोल्डबाज़ार, आदि पर सोने में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर सोने में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।

### यह मिलता रिटर्न

अगर किसी ने एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी किया होता, तो उसे एक साल में 54.35% का रिटर्न मिलता। वहीं, एसबीआई निफ्टी 50 ईटीएफ में इतना ही निवेश करने पर सिर्फ 2.93% रिटर्न मिलता। अन्य 16 गोल्ड ईटीएफ ने पिछले एक साल में 48.32% से 54.85% तक का रिटर्न दिया है। एक्सिस गोल्ड ईटीएफ ने 54.85% और निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड ने 48.32% का रिटर्न दिया है।

### बाकी ईटीएफ का क्या हाल

15 निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% से 3.03% तक का रिटर्न दिया। इनमें क्वांटम निफ्टी 50 ईटीएफ एफओएफ ने 3.03% और इनवेस्को इंडिया निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% का रिटर्न दिया। बाजार के जानकारों का मानना है कि सोने में उतार-चढ़ाव अभी जारी रहेगा। जोखिम उठाने वाले निवेशक इस तेजी का फायदा उठा सकते हैं, जबकि सावधानी बरतने वाले निवेशक गिरावट का इंतजार कर सकते हैं।

### आगे मजबूती या गिरावट

एक अन्य फर्म का कहना है कि कि सोने की कीमतें अगले कुछ महीनों में मजबूत बनी रह सकती है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदना, ब्याज दरों में कमी की उम्मीद, डॉलर का कमजोर होना, महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता (टैरिफ से जुड़े जोखिम सहित) और ईटीएफ में निवेश बढ़ने से सोने की कीमतों को सहारा मिल रहा है। फंड हाउस ने आगे कहा, हालांकि थोड़े समय के लिए कीमतों में गिरावट आ सकती है, लेकिन लंबे समय के लिए सोने की कीमतें मजबूत रहने के संकेत है। एएमएफआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में गोल्ड ईटीएफ से 77 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि फरवरी में 1,979 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 14,852 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 183% अधिक है। मार्च में गोल्ड ईटीएफ में उलटफेर देखने को मिला, जिसमे फरवरी के 1,979.84 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले 77.21 करोड़ रुपये की निकासी हुई। ये मुनाफा वसूली के लिए हुआ।

### मुख्य विशेषताएं

1. **सोने की कीमत के साथ जुड़ा** : गोल्ड ईटीएफ की कीमत सोने की कीमत के साथ जुड़ी होती है, इसलिए निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ मिल सकता है।
2. **एक्सचेंज पर ट्रेडिंग** : गोल्ड ईटीएफ को स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकता है, जैसे कि शेयर।
3. **लिक्विडिटी** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से निवेशकों को लिक्विडिटी का लाभ मिलता है, क्योंकि वे अपने निवेश को आसानी से बेच सकते हैं।
4. **पारदर्शिता** : गोल्ड ईटीएफ की कीमतें और होल्डिंग्स पारदर्शी होती हैं, जिससे निवेशकों को अपने निवेश के बारे में जानकारी मिलती है।

### ऐसे करता है काम

- **भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व** : गोल्ड ईटीएफ एक यूनिट के रूप में भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, आमतौर पर एक ग्राम सोने के बराबर।
- **स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार** : इन फंड्स को शेयर बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है, जैसे कि अन्य स्टॉक।
- **निवेश का सरल तरीका** : यह सोने में निवेश करने का एक आसान और सुलभ तरीका है, क्योंकि भौतिक सोना खरीदने, रखने और सुरक्षित करने की तुलना में यह सरल है।
- **कम अस्थिरता** : गोल्ड ईटीएफ, इक्विटी की तुलना में कम अस्थिर होते हैं।
- **सुरक्षा** : भौतिक सोने के रूप में, यह मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ एक बचाव के रूप में काम कर सकता है।
- **निवेश** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए, आपको एक डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलना होगा। इसके बाद आप अपनी निवेश की यात्रा शुरू कर सकते हैं और समय आने पर बढ़िया मुनाफा भी कमा सकते हैं। निवेश का लंबा लक्ष्य बनाकर चलें।



# कुछ टिप्स अपनाएं और घटाएं होम लोन की ईएमआई का बोझ

सुझाव
बिजनेस डेस्क

**कुछ आसान से तरीके आपकी परेशानी को कर सकते हैं कम**
**●**
**लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं**
**●**
**मकान खरीदने के लिए अधिक से अधिक डाउन पेमेंट करें**
**●**
**अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर कम ब्याज दर पर लोन मिलता है**

हर किसी का मन होता है कि अपने सपनों का घर खरीदे, लेकिन इस महंगाई के जमाने में शहरी इलाकों में घर लेना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग होम लोन का सहारा लेते हैं और होम लोन की ईएमआई हर महीने भरना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। होम लोन एक प्रकार का ऋण है जो व्यक्तियों को घर खरीदने या बनाने के लिए प्रदान किया जाता है। यह ऋण आमतौर पर बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है और इसकी अदायगी कई वर्षों में की जाती है। अगर आप होम लोने के बोझ को कम करना चाहते हैं, तो कुछ आसान टिप्स को अपनाकर राहत पा सकते हैं। हालांकि होम लोन लेने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने वित्तीय स्थिति और ऋण की शर्तों को ध्यान से समझें और अपने निर्णय के बारे में सुनिश्चित हों।

### डाउन पेमेंट का रखें ध्यान

जब आप घर खरीदते हैं, तो जितना अधिक पैसा शुरू में डाउन पेमेंट के लिए देंगे, उतना ही कम लोन की ईएमआई देना पड़ेगा। कम लोन ईएमआई का मतलब आपको कम ब्याज भी देना होगा। इसलिए, कोशिश करें कि शुरुआत में ही ज्यादा से ज्यादा रकम जमा करें।

### लोन की अवधि बढ़ाएं

अगर आपकी मंथली सैलरी कम है, तो आप लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं। हालांकि, इससे कुल ब्याज बढ़ सकता है, लेकिन मासिक किस्तें कम हो जाएंगी, जिससे आपकी जेब पर कम दबाव पड़ेगा।

### समय-समय पर प्री-पेमेंट करें

अगर आपको बोनस, टैक्स रिफंड या कोई और अतिरिक्त आय मिलती है, तो उसका यूज करके लोन का कुछ हिस्सा पहले चुकाने में करें। इससे आपका मूलधन कम होगा और ब्याज में भी बचत होगी।

### बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाएं

अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर बैंक आपको कम ब्याज दर पर लोन देते हैं। इसके लिए समय पर बिल और लोन की किश्तें चुकाएं और साथ ही, क्रेडिट कार्ड का सही इस्तेमाल करें और कर्ज के जाल से खुल को बचाएं।

### बैंक बदलने का भी है ऑप्शन

अगर किसी और बैंक में कम ब्याज दर पर लोन मिल रहा है, तो आप अपने लोन को वहां ट्रांसफर कर सकते हैं। हालांकि, इससे पहले सभी शर्तों और चार्जेस की जानकारी जरूर लें।

### फ्लोटिंग रेट लोन चुनें

फ्लोटिंग रेट लोन में ब्याज दर बाजार के अनुसार बदलती रहती है। अगर बाजार में ब्याज दरें कम होती हैं, तो आपकी ईएमआई भी कम हो सकती है। हालांकि, इसमें जोखिम भी होता है, क्योंकि दरें बढ़ भी सकती हैं।

### ईएमआई अमाउंट बढ़ाएं

अगर आपकी आय बढ़ी है, तो आप अपनी ईएमआई बढ़ाकर लोन जल्दी चुका सकते हैं। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और आप जल्दी कर्ज मुक्त हो जाएंगे।

### म्यूचुअल फंड में निवेश करें

अगर आप नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो कुछ सालों में एक अच्छी राशि जमा हो सकती है। इस राशि का उपयोग लोन का प्री-पेमेंट करने में किया जा सकता है, जिससे लोन की अवधि और ब्याज दोनों कम होंगे।

### लोन की अवधि कम करें

अगर आप थोड़ी अधिक ईएमआई दे सकते हैं, तो लोन की अवधि कम रखें। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और जल्दी ही कर्ज खत्म हो जाएगा।

### होम लोन की विशेषताएं

- लंबी अवधि : होम लोन की अवधि आमतौर पर 10 से 30 वर्षों तक होती है, जिससे आप अपने ऋण को धीरे-धीरे चुका सकते हैं।
- ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।
- सुरक्षा : होम लोन के लिए घर ही सुरक्षा के रूप में कार्य करता है, जिसका अर्थ है कि यदि आप ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

### होम लोन के कुछ फायदे

- घर खरीदने में मदद : होम लोन आपको घर खरीदने में मदद कर सकता है जो आपके लिए एक महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है।
- लंबी अवधि : होम लोन की लंबी अवधि आपको अपने ऋण को धीरे-धीरे चुकाने में मदद कर सकती है।
- कम ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।

### होम लोन के कुछ नुकसान

- ब्याज का भुगतान : होम लोन पर आपको ब्याज का भुगतान करना होता है, जो आपके ऋण की कुल राशि को बढ़ा सकता है।
- जुर्माना : यदि आप अपने ऋण का भुगतान समय पर नहीं करते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।
- घर की जब्ती : यदि आप अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

# स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

*स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है, ब्याज निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है*

जानकारी
बिजनेस डेस्क

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है। एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

### तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

### अवधि और कम से कम निवेश

स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

### कितनी है ब्याज दर

स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है। यह निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग अलग ब्याज दरें तय होती हैं।

### बैंकों में अलग अलग ब्याज दर

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.75%-7.00% |
| एसबीआईः | 4.75%-6.50% |
| एचडीएफसी | 4.50%-7.00% |
| आईसीआईसीआई | 4.50%-6.90% |
| केनरा बैंक | 5.50%-6.70% |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5.50%-6.50% |
| पीएनबी | 4.50%-6.50% |
| आईडीबीआई | 4.50%-4.80% |
| इंडियन बैंक | 3-50%-6.10% |
| यस बैंक | 4.75%-7.00% |
| डाकघर | 6.90%-7.50% |
| आरबीएल | 4.75%-7.00% |
| आईडीएफसी | 4.50%-7.00% |




### पैसे निकालने का क्या है नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले आपके स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि अगर आपके बैंक बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड का उपयोग करके स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आपको आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी भी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। स्वीप-इन सुविधा के माध्यम से एफडी में निवेश की गई अतिरिक्त राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है। साथ ही, बैंक एफडी से स्वेप्ट-इन पैसा निकालने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

# दंपति के लिए खास स्कीम, हर साल एक लाख से ज्यादा होगी इनकम

**पोस्ट ऑफिस एमआईएस में वन टाइम करना होगा डिपॉजिट ● सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट अकाउंट के जरिए 15 लाख तक जमा कर सकते है जमा**

रिटर्न
बिजनेस डेस्क

***पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में अकाउंट खोलने के लिए कम से कम 1000 रुपये निवेश जरूरी, जिसके बाद 1000 रुपये के मल्टीपल में जमा हो सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट में अधिकतम 9 लाख रुपये और ज्वॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में हर होल्डर का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इसमें बेनीफिट भी अच्छा मिलता है। यह स्कीम आपके भविष्य के लिए बेहतर हो सकती है।***

अगर आप शादीशुदा हैं और रेगुलर इनकम के लिए किसी अच्छी स्कीम की तलाश में हैं तो ध्यान दें। आप सरकारी स्कीम की तरह एक ज्वॉइंट अकाउंट खुलवाकर कर साल 1 लाख 10 हजार रुपये (1.10 लाख रुपये) की इनकम कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) के बारे में। आकर्षक ब्याज दरों के साथ, पोस्ट ऑफिस का यह मंथली इनकम अकाउंट निवेश के लिए एक सुरक्षित विकल्प है। इस स्कीम में वन टाइम डिपॉजिट करने पर रेगुलर इनकम का लाभ मिलता रहता है।

### ब्याज दर 7.4% सालाना

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम अकांट पर मौजूदा ब्याज दर 7.4 फीसदी सालाना है। इसमें अब सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट अकाउंट के जरिए अधिकतम 15 लाख रुपये जमा किए जा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट सरकार द्वारा समर्थित स्मॉल सेविंग्स स्कीम है, जहां गारंटीड रिटर्न मिलता है। पोस्ट ऑफिस की योजना है तो इसमें 100 फीसदी सुरक्षा की गारंटी है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ ही स्पाउस के साथ मिलकर ज्वॉइंट अकाउंट खोलने की भी सुविधा है।

### हर माह कितनी आएगी रकम

**ज्वाइंट अकाउंट में**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- ज्वॉइंट अकाउंट से अधिकतम निवेशः 15 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 1,11,000 रुपये
- मंथली ब्याजः 9250 रुपये

**अगर सिंगल अकाउंट हो तो**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- सिंगल अकाउंट से अधिकतम निवेशः 9 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 66,600 रुपये
- मंथली ब्याजः 5550 रुपये




### मैच्योरिटी के बाद एक्सटेंड कर सकेगे

इस स्माल सेविंग्स स्कीम पर 7.4 फीसदी सालाना ब्याज मिल रहा है। इसमें जमा पैसों पर जो भी सालाना ब्याज होता है, उसे 12 हिस्से में बांट दिया जाता है, और वह हर महीने आपके अकाउंट में आएगा। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में रहेगी और मूलधन के साथ इस धन को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। इस स्कीम की मैच्योरिटी 5 साल है, लेकिन 5 साल बाद नए ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं।

### क्या है स्कीम के लिए योग्यता

- बालिग के नाम से सिंगल अकाउंट
- ज्वॉइंट अकाउंट (अधिकतम 3 एडल्ट मिलकर) (ज्वॉइंट **A** या ज्वॉइंट **B**)
- माइनर के नाम पर उसका गार्जियन अकाउंट खोल सकता है
- 10 साल का माइनर है तो उसके नाम से

### क्या है पीओएमआइएस

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम यानी पीओएमआइएस में आपको एकमुश्त निवेश करना होता है। उसी पर आपको ब्याज दर का फायदा मिलता है। इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपको 5 सालों तक ब्याज का लाभ मिलता रहता है। मंथली इनकम स्कीम डाकघर की एक छोटी बचत योजना है। इस स्कीम में सिंगल और ज्वाइंट दोनों तरह से अपना खाता खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में निवेश करने पर आपको वर्तमान में 7.4 प्रतिशत की ब्याज दर मिल रही है।

खिताब की जंग IPL 18



# सबसे महंगा प्लेयर और शर्मनाक प्रदर्शन, पंत ने बरकरार रखी 17 साल पुरानी परंपरा

**नई दिल्ली।** एक कहावत है 'ऊंची दुकान, फीके पकवान', जो आईपीएल के लगभग सभी सीजन में सटीक बैठती है। लीग में बड़े नाम वाले खिलाड़ी जिनके लिए फ्रेंचाइजी भारी रकम खर्च करती है, लेकिन वे अक्सर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इंडियन प्रीमियर लीग में जब फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश करती हैं तो इस उम्मीद के साथ करती हैं कि ये खिलाड़ी उनके लिए किस्मत बदलने वाला साबित होगा। इसी कारण लीग के महंगे खिलाड़ियों की राशि में सीजन दर सीजन इजाफा होता रहा है। आईपीएल-2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदा और वह लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, लेकिन पंत अब तक फेल रहे। ये नई बात नहीं है। लीग का इतिहास है कि जो सीजन का महंगा खिलाड़ी रहा वो फेल हुआ है।

### मिचेल स्टार्क : 2024 : 17 विकेट

मिचेल स्टार्क को कोलकाता ने 24.75 करोड़ में खरीदा था। पिछले सीजन स्टार्क ने 13 मैच खेले थे और 17 विकेट लिए थे।

### सैम करन : 2023 : 276 रन

सैम करन आईपीएल 2023 के सबसे महंगे प्लेयर थे। पंजाब किंग्स ने उन पर 18.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे। करन ने 14 मैच की 13 पारियों में 276 रन बनाए थे।

### ईशान किशन : 2022 : 418 रन

ईशान किशन तब सबसे महंगे प्लेयर थे। मुंबई इंडियंस ने ईशान किशन को 15.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। ईशान ने 15वें सीजन में 14 मैच खेले थे और 418 रन बनाए थे।

### क्रिस मॉरिस : 2021 : 15 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने् रिस मॉरिस पर 16.25 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे। 11 मैच में सिर्फ 15 विकेट हासिल किए थे। साथ ही वह 7 पारियों में 67 रन ही बना पाए थे।

### पैट कमिंस : 2020 : 12 विकेट

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज कमिंस को कोलकाता ने 15.5 करोड़ में अपने साथ जोड़ लिया था। 14 मैच में सिर्फ 12 सफलताएं प्राप्त की थीं।

### उनादकट : 2019 : 10 विकेट

जयदेव उनादकट (राजस्थान रॉयल्स) और वरुण चक्रवर्ती (किंग्स 11 पंजाब) थे। दोनों को उनकी फ्रेंचाइजी ने 8.4-8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था। जयदेव उनादकट ने 11 मैच में सिर्फ 10 विकेट लिए थे। वहीं वरुण ने 1 मैच में 1 ही विकेट लिया था।

**ऋषभ पंत**
2025
27 करोड़
106 रन

आईपीएल 2025 में अब तक पंत का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 18वें सीजन में अब तक खेले 9 मैच की 8 पारियों में सिर्फ 106 रन बनाए हैं। इस दौरान वह एक ही अर्धशतक लगा पाए हैं।



### बेन स्टोक्स : 2018 : 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 12.5 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। 11वें सीजन में स्टोक्स ने 13 मैच खेले थे और सिर्फ 8 विकेट लिए थे।

### बेन स्टोक्स : 2017 : 316 रन

राइजिंग पुणे सुपरजायंट ने बेन को 14.5 करोड़ में खरीदा था। 12 मैच की 11 पारियों में 316 रन बनाए थे। साथ ही 12 विकेट भी अपने नाम किए थे।

### शेन वॉटसन : 2016 : 179 रन

बेंगलुरु ने शेन वॉटसन पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। वॉटसन ने उस सीजन 16 मैच की 15 पारियों में 179 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2015 : 248 रन

दिल्ली डेयरडेविल्स ने युवराज को 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। 14 मैच खेले थे और 13 पारियों में 248 रन बनाए थे।

### युवराज सिंह : 2014 : 376 रन

आरसीबी ने युवी पर 14 करोड़ खर्च किए थे। 14 मैच में 376 रन बनाए थे।

### ग्लेन मैक्सवेल : 2013 : 36 रन

ग्लेन मैक्सवेल पर मुंबई इंडियंस ने 6.3 करोड़ रुपये खर्च किए थे। मैक्सवेल ने 3 मैच की 3 पारियों में 36 रन बनाए थे।

### रवींद्र जडेजा : 2012 : 191 रन

चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा को 12.8 करोड़ में अपने साथ जोड़ा था। 19 मैच खेल 191 रन बनाए थे। 12 विकेट लिए थे।

### गौतम गंभीर : 2011 : 378 रन

कोलकाता नाइटराइडर्स ने गौतम गंभीर को 14.9 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। गंभीर ने उस सीजन 15 मैच खेल थे और 15 पारियों में 378 रन बनाए थे। वह चौथे सीजन 16वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे।

### शेन बॉन्ड : 2010 : 9 विकेट

शेन बॉन्ड (कोलकाता) और कीरोन पोलार्ड (मुंबई) को उनकी फ्रेंचाइजी ने 4.8-4.8 करोड़ देकर अपने साथ जोड़ा था। शेन बॉन्ड ने 8 मैच में 9 विकेट लिए थे। वहीं पोलार्ड ने 14 मैच में 15 शिकार किए थे।

### केविन पीटरसन : 2009 : 93 रन

केविन पीटरसन (आरसीबी) और एंड्रयू फ्लिंटॉफ (सीएसके) को फ्रेंचाइजी ने 9.8-9.8 करोड़ रुपए खर्च किए थे। पीटरसन ने 6 मैच खेले थे और 93 रन बनाए थे। वहीं फ्लिंटॉफ 3 मैच में 62 रन ही बना सके थे।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2008 : 414 रन

महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन के सबसे महंगे प्लेयर थे। 2008 में सीएसके ने उन पर 9.5 करोड़ खर्च किए थे। धोनी ने लीग के डेब्यू सीजन में 414 रन बना दिए थे। वह पहले सीजन 9वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**




प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएल: किंग्स पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंची

# बारिश के कारण पंजाब और केकेआर मैच रद, दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को शनिवार को यहां तेज आंधी और बारिश के कारण रद्द कर दिया। प्रभसिमरन सिंह (83) और प्रियांश आर्य (69) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 72 गेंद में 120 रन की साझेदारी के बूते पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन बनाये। पंजाब की टीम14वें ओवर के बाद एक विकेट पर 158 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने आखिरी छह ओवर में सिर्फ 43 रन पर तीन विकेट लेकर उन्हें 201 रन पर रोक दिया। केकेआर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए एक ओवर में बिना किसी नुकसान के सात रन बना लिये थे तभी रात लगभग 9.35 बजे अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी। आंधी इतनी तेज थी कि मैदानकर्मियों को मैदान को कवर्स से ढकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज हवा के




कारण कुछ कवर्स फट गये और कुछ उड़कर बाउंड्री और दर्शक दीर्घा की तरफ चले गये। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने की गुंजाइश नहीं बची और लगभग 90 मिनट के इंतजार के बाद, मौसम में कोई सुधार न होने पर, मैच को आधिकारिक तौर पर रात 10.58 बजे रद्द कर दिया गया। मैच रद होने से दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। कोलकाता नाइट राइडर्स के अब नौ मैचों में सात अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स के नौ मैचों में 11 अंक के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गया है। इससे पहले प्रभसिमरन ने 49 गेंद की पारी में छह छक्के और इतने ही चौके जड़े जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला शतक जड़ने वाले प्रियांश ने 35 गेंद की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाये। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्रभसिमरन तथा प्रियांश की जोड़ी ने उसे सही साबित किया। प्रियांश ने शुरुआती ओवरों में आक्रामक रूख अपनाया तो वहीं उनके आउट होने के बाद प्रभसिमरन ने तेजी से रन बनाये। प्रभसिमरन एक समय 34 गेंद में 32 रन पर खेल रहे थे लेकिन उन्होंने अगले 17 गेंद में 49 रन जोड़ डाले।

### मुंबई और लखनऊ में आगे निकलने की होड़

**मुंबई।** हमेशा की तरह शुरू में लड़खड़ाने के बाद शानदार वापसी करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं।

### आरसीबी और दिल्ली में आज होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल तथा आस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आकर्षण का केंद्र होंगे। आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है। फिरोज शाह कोटला में दो अंक इस संदर्भ में विजेता टीम को महत्वपूर्ण रूप से मदद करेंगे।

## खास खबर

### आईपीएल में अब 300 रन भी संभव : रिंकू



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग अब ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है जहां कोई टीम एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी। आईपीएल 2025 अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है तो इस बात की चर्चा जोरों पर है कि लीग के इस चरण में टीमें एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती हैं क्योंकि फ्रेंचाइजी 'पावरहिटिंग' पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### हो सकता है नीलामी में गलतियां की : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार हार से आहत मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि हो सकता है कि कुछ महीने पहले मेगा नीलामी में उनकी तरफ से कुछ गलतियां हुई जिसके कारण वह सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम के लिए आईपीएल के वर्तमान सत्र में कुछ भी अच्छा नहीं चल पा रहा है। टीम को अभी तक खेले गए नौ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा है।

### अनुभवी खिलाड़ियों को समर्थन की जरूरत



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को उनके कठिन समय के दौरान कुछ छूट और समर्थन देने की वकालत करने के साथ मैदान के बाहर और अंदर मुश्किल समय का शानदार तरीके से सामना करने के लिए दिग्गज रोहित शर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या की तारीफ की। रोहित ने आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में खराब प्रदर्शन करने के बाद लगातार दो अर्धशतक जड़ कर शानदार वापसी की है जबकि हार्दिक को पिछले साल टीम के खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

## खबर संक्षेप

### आप अधिक कमियां दूर नहीं कर सकते

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने मौजूदा आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लगातार खराब प्रदर्शन पर अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा है कि जब एक ही समय में चार-पांच खिलाड़ी फॉर्म खो देते हैं तो टीम के लिए वांछित परिणाम हासिल करना मुश्किल होता है। धोनी ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों पांच विकेट से मिली हार के बाद कहा, 'इस तरह के टूर्नामेंट में अगर एक या दो क्षेत्रों में कमियों को दूर करना है तो यह अच्छा है लेकिन जब अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो मुश्किल हो जाती है। ऐसे में आपको बदलाव करने की जरूरत होती है। आप बस चलते नहीं रह सकते।

### शुभंकर हेनान गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूके

**हेनान।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और दूसरे दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के कारण हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने से चूक गए। उनका 69-75 के कार्ड से उनका दो दौर में स्कोर इवन पार रहा। दूसरे दिन का खेल अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा था लेकिन जब सुबह दूसरे दौर का खेल खत्म हुआ तो यह भारतीय कट से चूक गया। वह पिछले हफ्ते वोल्वो चाइना ओपन में भी कट से चूक गए थे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 3-5 से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शनिवार को अपने पहले मैच में दमदार खेल दिखाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 की हार का सामना करना पड़ा।भारत की ओर से महिमा टेटे (27वें मिनट), नवनीत कौर (45वें मिनट) और लालरेम्सियामी (50वें मिनट) ने गोल किए, जबकि नेसा फ्लिन (तीसरे), ओलिविया डाउन्स (नौवें मिनट), रूबी हैरिस (11वें मिनट), टैटम स्टीवर्ट (21वें मिनट) और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44वें मिनट) ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए गोल किए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## मैड्रिड ओपन

# शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर और सबालेंका की आसान जीत



एजेंसी ⏭ मैड्रिड

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की। ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से, जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका का तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा।

महिला वर्ग में ही अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीयता प्राप्त किनवेन झेंग को हराया, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स से 6-2, 2-6, 7-5 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने केटी बोल्टर को 6-1, 6-2 से हराया।

### पेगुला ने तीसरे दौर में बनाई जगह



तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने ईवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं। पेगुला का अगला मुकाबला मोयुका उचिजिमा से होगा, जिन्होंने ओंस जाबेउर को तीन सेटों में हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-1, 6-4 से और कैस्पर रूड ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने मारियानो नवोन को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। बुधवार को टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक उम्र के मैच विजेता खिलाड़ी बनने वाले 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स बीमारी के कारण गत चैंपियन एंड्रे रुबलेव के साथ मैच से हट गए।

### एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने पक्के किए 43 पदक

**अम्मान।** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

**महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया**

# शांभवी ने निशानेबाजी में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र की किशोरी शांभवी क्षीरसागर ने शनिवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं, ओलंपिक फाइनलिस्ट और राष्ट्रीय चैंपियन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही 16 वर्षीय शांभवी ने 633.5 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष



स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 24 निशाने के फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 10.8 के शॉट के साथ हरियाणा की रमिता को पछाड़ दिया। रमिता पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने कांस्य पदक जीता। शांभवी ने इससे पहले जूनियर महिला स्पर्धा में रजत और युवा महिला प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण जीता।

### नीस ने थामा पीएसजी का अजेय अभियान

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन का फ्रांसीसी फ़ुटबॉल लीग (लीग 1) के वर्तमान सत्र में चला आ रहा अजेय अभियान शुक्रवार को यहां नीस से 3-1 से हार के साथ थम गया। पीएसजी ने तीन सप्ताह पहले ही फ्रांसीसी लीग का खिताब अपने नाम सुरक्षित किया



था और उसकी कोशिश आखिर तक अजेय रहने की थी। पीएसजी की पिछले लगभग एक साल में यह अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है जिससे उसकी आर्सेनल के खिलाफ मंगलवार को होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण की तैयारी को भी झटका लगा है। नीस के मॉर्गन सैनसन ने मैच का पहला गोल किया। नीस की बढ़त हालांकि केवल पांच मिनट तक रही।

## महिला क्रिकेट टीम का त्रिकोणीय शृंखला कोलंबो में आज से

# भारत के युवा खिलाड़ी श्रीलंका को देंगे चुनौती

एजेंसी ⏭ कोलंबो

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को यहां जब श्रीलंका का सामना करने के लिए उतरेगी तो उसकी निगाह तेज गेंदबाज काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के जरिए साल के आखिर में घरेलू धरती पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी भी शुरू करेगी। भारत का बल्लेबाजी विभाग अच्छा नजर आता है लेकिन उसे एक अदद गेंदबाजी संयोजन तैयार करने की जरूरत है। भारत की पूर्व अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता



काशवी ने महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए। टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटों के कारण बाहर हो जाने से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर टीम में एकमात्र अन्य मध्यम गति की गेंदबाज हैं। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी गति के गेंदबाजों का हमेशा बोलबाला रहा है, ऐसे में सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी के 50 में से 30 ओवर फेंकने की उम्मीद है।

### भारतीय बल्लेबाजी मजबूत

भारतीय टीम ने त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को तीन तीन वनडे मैच में हराया था और वह जीत का यह सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। शैफाली वर्मा को एक बार फिर से नजरअंदाज कर दिया गया है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आती है। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी पोप को श्रद्धांजलि

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग हुए शामिल

## पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया

## दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें करीबी उपस्थित रहे

एजेंसी ▶▶ वेटिकन सिटी

शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुईं जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गईं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया जाएगा, जहां उन्हें दफनाया गया।

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ केंद्रीय संसदीय कार्य-अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद हैं। मुर्मू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी पहुंची। साथ ही मत्स्य-पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, और गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी पहुंचे हैं।

भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।



### मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया

*मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।*

### ये दुनिया उनकी सेवाओं को याद करेगी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।

### बेसिलिका के साथ एक खास रिश्ता

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था। पोप के रूप में अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा से पहले और बाद में पोप फ्रांसिस यहां प्रार्थना करने जाते थे। वेटिकन ने कहा कि 40 विशेष अतिथि बेसिलिका के सामने पियाजा पर उनके ताबूत का स्वागत किया, जिनमें हाशिए पर मौजूद लोग, जैसे बेघर लोग और प्रवासी, कैदी और ट्रांसजेंडर लोग शामिल होंगे। पोप को दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और कुछ करीबी सहयोगी शामिल हुए।

## ईरान के शहर में लगी भीषण आग, 4 की मौत



**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को जबरदस्त धमाका हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। हालांकि विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया। धमाका बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजी बंदरगाह पर हुआ जो राजधानी तेहरान से 1000 किमी दूर है। धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया। अभी आग बुझाने का प्रयास चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियां टूट गईं।

## खत्म होगा आतंक का खेल! सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन

# पिछले 48 घंटे में 6 आतंकियों के घर ध्वस्त किए, सर्च ऑपरेशन जारी

एहसान शेख ने पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर घाटी में दहशत फैलाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार को घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों आदिल हुसैन थोकर और उसके साथी एहसन शेख के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। उन दोनों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है। एहसान पहले भी कई हमलों में शामिल रहा है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है।



आतंकी अहसान उल हक शेख का पुलवामा में घर ध्वस्त किया

**इन आतंकियों के ढहाए घर**

- आदिल हुसैन थोकर (बिजबेहरा)
- आसिफ शेख (त्राल)
- अहसान शेख (पुलवामा)
- शाहिद कुट्टे (शोपियां)
- जाकिर गनी (कुलगाम)
- हारिस अहमद (पुलवामा)




आतंकी जाकिर अहमद गनी का कुलगाम में घर ध्वस्त किया

### सेना ने जारी की 14 आतंकियों की हिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम)। इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 एलईटी से और 3 जेईएम से जुड़े हैं। इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

## भारत-पाक तनाव पर बोले डोनाल्ड ट्रंप

# सीमा पर हमेशा रहा है टेंशन दोनों खुद ही सुलझा लेंगे मुद्दे



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाए है। इससे पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ती ही जा रही है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हमेशा से तनाव रहा है और वे इसे किसी न किसी तरह से खुद ही सुलझा लेंगे। बता दें कि ट्रंप ने यह बात उस समय कही जब वे रोम जाने के लिए एयर फोर्स वन विमान में सवार थे। साथ ही पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों के करीब हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला बहुत पुराना है।

### आतंकी हमले के खिलाफ दुनिया भर में प्रदर्शन

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए।

उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

